ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



सेंसेक्स 71,386.21 ▲ +30.99
डॉलर 83.106 ▼ -0.057

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 16.0 | 16.0 |
| धनबाद | 25.0 | 17.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 17.0 | 21.0 |
| पलामू | 24.0 | 16.0 | 16.0 |

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 10 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 85, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय भारतीय कृषि का 'ड्रोन क्षण' ...8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

कर्नाटक में अधिक उपमुख्यमंत्री मंत्री पद ... 08 देश/विदेश



## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को एक महिला का शव खून से लथपथ मिला। आशंका जतायी जा रही है कि उसकी मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। महिला की पहचान 30 वर्षीय किरण देवी के रूप में हुई है। वह मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली की रहने वाली थी। सूचना मिलने पर टीओपी टू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। टीओपी टू के प्रभारी नबी अंसारी ने बताया कि महिला रेलवे ट्रैक और उससे सटे इलाके में कोयला चुनती थी। कोयला चुनने के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो जाने की आशंका है। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### स्थल निरीक्षण किये बिना जारी एलपीसी किया जाये रद्द

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो व नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने सदर प्रखंड के मौजा चियांकी के पुराना टोला स्थित खाता नंबर 79 एवं 71 के प्लाट संख्या 1959 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बगैर स्थलीय निरीक्षण के जारी एलपीसी को तत्काल रद्द किये जाने की मांग की है। श्री तिवारी ने बताया कि इस दौरान पाया गया कि खाता नंबर 79 आदिवासी खाते की भूमि है। वर्तमान समय में इस पर अरहर का फसल लगा हुआ है। इससे पूर्व रूपधारी सिंह एवं बिहारी सिंह के वंशजों ने उक्त भूमि पर तिल की भी खेती की थी। उक्त भूमि से संबंधित दखल-कब्जा भी पलामू उपायुक्त ने वर्ष 1995 में खतीयानी इन्हीं रैयतों के वंशजों को दिया था। उसी समय से इन लोगों का दखल कब्जा भूमि पर है।

### सकलदीपा व ताल पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहीं हैं योजनायें : डॉ. मेहता

**योजनाओं का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार उनके द्वार तक पहुंच रही है**

**जरूरतमंद लोगों तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में यह कार्यक्रम काफी उपयोगी साबित हो रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सकलदीपा और ताल पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना हमारा संकल्प विकसित भारत का लाइव कार्यक्रम का सभी ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। योजनाओं का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार उनके द्वार तक पहुंच रही है। जरूरतमंद लोगों तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में यह कार्यक्रम काफी उपयोगी साबित हो रहा है। मौके पर उपस्थित प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, ताल पंचायत की मुखिया अनिता लोहरा, रोशन सिंह, कार्तिक सिंह, सुधीर तिवारी, दिलीप मेहता, मंटू शर्मा, बाबूलाल साव, सुंदरलाल उरांव उपस्थित थे।

### किसानों की आय में होगी वृद्धि, मिलेगी राहत

# 45 किसानों के बीच स्वचालित स्प्रे मशीन का वितरण




उपस्थित किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड परिसर के सिंगल विंडो कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत अनुदानित मूल्य पर 45 किसानों के बीच स्वचालित स्प्रे मशीन का वितरण किया गया। इस मौके पर बीटीएम जयगोविंद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत कृषि क्षेत्र के विस्तार और उत्पादकता वृद्धि के माध्यम से फसलों के उत्पादन में वृद्धि, किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि व व्यक्तिगत कृषि स्तर पर मिट्टी की प्रजनन क्षमता को बढ़ाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो में सरकार के द्वारा 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर स्वचालित स्प्रे मशीन 45 किसानों के बीच वितरण किया है। अन्य पंजीकृत किसानों को भी अनुदानित मूल्य पर स्वचालित स्प्रे मशीन दिया जाएगा। इस मौके पर सिंगल विंडो के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### सिविल सर्जन ने कहा 2025 तक टीवी मुक्त होगा देश

# ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के प्रति कर रहे जागरूक



वार्ता करते सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह ने एक वार्ता के दौरान कहा कि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कर दिया जायेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरुक कर रही है। उन्होंने बताया कि पीवीटीजी बहुल इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अलावे अन्य विभागों द्वारा शिविर लगाने की तिथि निर्धारित कर दी गयी है। 13 जनवरी तक 61 गांवों में शिविर का आयोजन किया जाना है। जिला प्रशासन की ओर से शिविर के लिए तिथि और गांव की सूची जारी कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि शिविर में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन बैंक अकाउंट, आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड, पीएम किसान सामान्य निधि का शिविर लगाया जाएगा। सिविल सर्जन ने कहा जिले के 15 प्रखंड के 263 गांवों में पीवीटीजी की संख्या 14, 444 है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक 132 पीवीटीजी गांवों में हेल्थ कैंप लगाया गया है।

#### आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में पिछड़े

सिविल सर्जन डा. सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की गति जिले में थोड़ी धीमी है। जिले में 19 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ने का लक्ष्य है, परंतु अभी तक मात्र 41 प्रतिशत यानि सात लाख 64 हजार 166 लोगों का ही आयुष्मान भारत कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में सबसे बड़ी परेशानी आ रही है कि किसी का आधार कार्ड और राशन कार्ड के नाम में मिसमैच है। मौके पर एमएमसीएच के अधीक्षक डा. डीके सिंह, डॉ आरके रंजन, डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### वालीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन 15 मुकाबले

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जिला स्कूल मैदान पर आयोजित 23वें जेसी बोस सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता(पुरुष)और महावीर उरांव सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) के तीसरे दिन मंगलवार को 15 मुकाबले खेले गये। दोनों ही वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने के लिये दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका संजय गुप्ता, बसंत कुमार नायक, सतीश चौधरी, राहुल कुमार, धनुरंजन शर्मा, सुनील राय व हरेराम के द्वारा निभाई जा रही है। आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी, मीडिया प्रभारी नवीन तिवारी, , आदि व्यवस्था की देखरेख में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### परता उत्क्रमित हाईस्कूल का किया निरीक्षण

# बीडीओ ने छात्रों की परखी ज्ञान क्षमता



निरीक्षण करते बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के परता पंचायत मुख्यालय स्थित उत्क्रमित हाईस्कूल का मंगलवार को बीडीओ शुभम बेला टोपनो ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वर्ग तीन से दस तक के सभी कमरों में भ्रमण कर संबधित छात्र व छात्राओं का सर्वप्रथम उपस्थिति पंजी से मिलान किया। इसके बाद नियमित मध्याह्न भोजन की अद्यतन जानकारी लेने के बाद रुटीन के अनुसार शिक्षकों व उपस्थित छात्रों का क्रमवार क्लास लेना शुरू कर दिया। बच्चों के दिये गये जवाब से संतुष्ट होने पर उन्होंने पूरे हर्ष के साथ मुखिया कमल किशोर पासवान,पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय के अलावे प्रधानाध्यापक व कई शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों के बीच मिठाई व टॉफी का वितरण कर उन्हें उत्साहित किया। वहीं शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता पर संबंधित शिक्षकों को धन्यवाद दिया। बीडीओ ने स्कूल परिसर में बच्चों को पेयजल की किल्लत से बचाने के लिये अविलंब जलमिनार स्थापित करने का निर्देश मुखिया व पंचायत समिति सदस्य को दिया।

### पीडीएस डीलरों ने हड़ताल पर डटे रहने का लिया निर्णय

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित गोदाम परिसर में मंगलवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने की। प्रखंड पीडीएस संघ के महासचिव विमलेश कश्यप ने आरोप लगाया कि सरकार डीलरों के प्रति नाइंसाफी कर रही है। उन्होंने बताया कि संघ के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आठ सूत्री मांगों के समर्थन में एक जनवरी से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी। मीडिया प्रभारी प्रवीण चौधरी ने कहा कि सरकार पीडीएस डीलरों का उत्पीड़न ना करे। हमारी मांगें जायज हैं। मौके पर मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष शम्भू सिंह, सूर्यनाथ पासवान, उदय यादव, जमील रजनीश सिंह, विश्वनाथ सिंह,रमेश राम आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों की सुनीं समस्याएं , दिया आश्वासन

**पाटन।** प्रखंड के अति सुदुरवर्ती क्षेत्र कस्वांखाड़ पंचायत के ग्राम बूढ़ी, बुका, होमियो आदि गांवों में पीवीटीजी समुदाय के बीच पीएम जनमन के तहत दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान किया। शिविर मे आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड,पेंशन, जाति,स्थानीय का स्टाल लगा कर संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई की गयी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर जांच करने के बाद दवा का वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि गरीबों के लिए सरकार के द्वारा कई योजनायें चलाई जा रही हैं।

# नेटवर्क फेल रहने से जन वितरण दुकान में लगी रहती है भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** एक तरफ जहां अपनी मांगों को लेकर अधिकांश पीडीसी राशन डीलर एक जनवरी से हड़ताल पर हैं। दूसरी तरफ नेटवर्क बाधित रहने के कारण हड़ताल से विरत रहने वाले दुकानदारों को खाद्यान्न वितरित करने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत में मंगलवार को जन वितरण प्रणाली की दुकान में राशन लेने के लिये कार्डधारियों की भारी भीड़ देखी गयी। पहरगेडुआ निवासी पीडीएस संचालक अभिमन्यु सिंह ने बताया कुछ दिनों से नेटवर्क सही नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को काफी कष्ट उठानी पड़ रही है। उन्होंने वरीय खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी एवं उपायुक्त पलामू से इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई डीलर ऐसे हैं जो खुद को हड़ताल से दूर रखते हुये पूरी तन्मयता से दायित्व निर्वहन कर रहे हैं, किंतु खराब नेटवर्क राशन वितरण में रोड़ा अटका रहा है। बिरजू यादव गुरी, अभिमन्यु सिंह गुरी, चंद्रशेखर पांडे भंडार, सुरेश यादव, इंदिरा समूह लालगढ़, राजू राम नगर परिषद आदि अपनी दुकान खोले हुये हैं। डीलरों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### बाइक चोरों की बढ़ती सक्रियता से लोगों की उड़ी नींद

# शहर में चार दिनों में दो बाइक चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अगर आप बाइक रखते हैं और जहां-तहां किसी दुकान या घर के पास लगाते समय सावधान हो जाइये। शहर में इन दिनों बाइक चोर गिरोह की सक्रियमा काफी बढ़ गयी है। पिछले चार दिनों के अन्तराल में दो अलग-अलग स्थानों से दो बाइक की चोरी कर चोरों ने दुस्साहस का परिचय दिया है। चोर सार्वजनिक स्थानों सहित घर के आगे खड़ी बाइकों को भी अपना निशाना बना रहें हैं। बाइक चोरी का पहला मामला चार दिन पूर्व कर्पूरी मैदान में आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान नगर पंचायत के मोहम्मदाबाद निवासी उमेश की मौटर सायकिल चोरी की थी। एक अन्य मामले में चोरों ने जपला शहर निवासी विजय प्रसाद गुप्ता की बाइक सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे स्टेशन रोड से गायब कर दी। इस संबंध में भुक्तभोगियों द्वारा मामले की लिखित सूचना हुसैनाबाद थाने को दी गयी है।

**वाहन चोर शीघ्र पुलिस के हत्थे चढ़ेंगे: थाना प्रभारी :** शहर में इस तरह की चोरी की घटना को लेकर हुसैनाबाद के नव पदस्थापित थाना प्रभारी समीर तिर्की ने कहा कि शहर में बाइक चोरी की घटनाओं को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। काफी मुस्तैदी के साथ अभियान चलाया जा रहा है। शीघ्र ही बाइक चोर गिरोह पुलिस के हत्थे आयेंगे। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी बाइक खड़ी करते समय लाक करना ना भूलें। किसी पर शक हो तो उसकी सूचना तत्काल थाने को दें।

### 24 सौ सीएफटी बोल्डर,2340 सीएफटी चिप्स एवं 260 सीएफटी डस्ट जब्त



कार्रवाई करते डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर दिए गये निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी का एक्शन जारी है। इसी क्रम में डीएमओ ने लेस्लीगंज अंतर्गत चक इलाके में अवैध रूप से संचालित किये जा रहे क्रशर को सील कर दिया। साथ ही क्रशर के अंदर रखे गये 24 सौ सीएफटी बोल्डर,2340 सीएफटी चिप्स एवं 260 सीएफटी डस्ट जब्त करते हुये क्रशर संचालक मनोज कुमार के खिलाफ लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई :** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अतिसुदूरवर्ती चक गांव में अवैध तरीके से क्रशर का संचालन किया जा रहा है। जिसके पश्चात मौके पर पहुंच कर मेसर्स सुपर स्टोन वर्क्स,प्रोपराइटर मनोज कुमार के क्रशर में छापेमारी की गयी। डीएमओ व पुलिस बल को आता देख क्रशर के सभी श्रमिक भाग गये। जबकि वहां मौजूद क्रशर के एक कर्मी अरूण कुमार पकड़ा गया। उससे क्रशर संचालन के कागजात की मांग की गयी तो उसने कागजात के नाम पर सीटीओ नवीकरण के लिए भेजा गया कागजात दिखाया। इसके अलावे कोई भी अन्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में पाया गया कि क्रशर सीटीओ 31 दिसंबर 2023 तक ही है। वहीं अन्य कागजात भी नियमानुसार नहीं पाया गया।

**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

गत् वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राजकीय ईटखोरी महोत्सव-2024 कार्यक्रम दिनांक-19.02.2024 से 21.02.2024 तक आयोजन किया जाना निर्धारित है। जिस क्रम में माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार एवं अन्य मंत्रीगण तथा अतिथिगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम में ANNEXURE-I में अंकित कलाकारों को समिति द्वारा चयन उपरांत राजकीय ईटखोरी महोत्सव-2024 में अभिनय/नृत्य/गायन करने हेतु बुलाया जाना है।

उपरोक्त कार्यक्रम हेतु ANNEXURE-I में उल्लेखित कलाकारों का नाम के लिए एकमुश्त दर निर्धारण प्रति इभेंट हेतु दो लिफाफा प्रणाली के तहत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक- 20.01.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक जिला खेल शाखा, चतरा में प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा दिनांक-20.01.2024 को 12:30 अपराह्न में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी-सह-
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
चतरा

PR315550 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)23-24*D

**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

गत् वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राजकीय ईटखोरी महोत्सव-2024 कार्यक्रम दिनांक-19.02.2024 से 21.02.2024 तक आयोजन किया जाना निर्धारित है। जिस क्रम में माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार एवं अन्य मंत्रीगण तथा अतिथिगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु ANNEXURE-I में उल्लेखित सामग्रियों/कार्यों को तीन दिन के लिए (भाड़े पर) किया जाना है।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्य का तीनों दिन के लिए एकमुश्त दर निर्धारण हेतु दो लिफाफा प्रणाली के तहत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक- 19.01.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक जिला खेल शाखा, चतरा में प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा दिनांक-19.01.2024 को 12:30 अपराह्न में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी-सह-
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
चतरा।

PR 315548 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 23-24 (D)

**कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
email-npsbnagar@gmail.com

**आवश्यक-सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक ("लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास का निर्माण"-BLC) के तहत वर्ष 2015-16 से 2022-23 तक स्वीकृत वैसे लाभुक जो अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किये हैं अथवा सम्पूर्ण कागजात जमा कर प्रथम किस्त प्राप्त नहीं किये हैं ऐसे लाभुकों के आवासों का अंतिम प्रत्यर्पण दिनांक 15.01.2024 तक करने का निदेश विभागीय पत्रांक 40 दिनांक 08.01.2024 द्वारा प्राप्त है।

ऐसे लाभुकों की सूची नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया है, संबंधित सभी लाभुको से अनुरोध है कि कार्य प्रारम्भ कर, प्रथम किस्त प्राप्त करने हेतु सम्पूर्ण कागजात नगर पंचायत कार्यालय में दिनांक 12.01.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अवधि तक कार्य नहीं करने अथवा कागजात अप्राप्त रहने की स्थिति में संबंधित लाभुकों का आवास को प्रत्यर्पण कर दिया जायगा एवं बाद में इसके संबंध में संबंधित लाभुको का कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा इसके लिए वे स्वंय जिम्मेवार होंगे।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 315533 Urban Development(23-24).D

**कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक के लिए**
**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2026-27 (माह 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ललित उरांव बस पड़ाव, गुमला में अवस्थित नवनिर्मित यात्री निवास की बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक गुमला नगर परिषद् द्वारा दिनांक 02.02.2024 दिन शुक्रवार को अपराह्न 02:00 बजे से गुमला नगर परिषद् के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी, विवरणी निम्नवत है :-

| क्र० सं० | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (रू० में) | जमानत की राशि (रू० में) | आवेदन प्रपत्र शुल्क (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ललित उरांव बस पड़ाव, गुमला में अवस्थित नवनिर्मित यात्री निवास की बन्दोबस्ती। | 12,41,556/- | 1,24,200/- | 5,000/- |

बैठक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन की राशि नगर परिषद्, गुमला में जमा करते हुए आवेदन प्राप्त कर आवेदन के साथ जमानत की राशि एवं अन्य कागजात दिनांक 01.02.2024 तक कार्यालय अवधि में जमा करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। आवेदन प्रपत्र एवं जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गुमला के नाम से प्रतिज्ञ होगा। आवेदन के साथ जमानत की राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग नहीं लेंगे। नियम एवं शर्त्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट्ट एवं संबंधित कर्मी से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन शुल्क Non Refundable होगा। आवेदन प्रपत्र कार्यालय अवधि में दिनांक 20.01.2024 से 31.01.2024 तक कार्यालय अवधि में निर्धारित आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा करते हुए प्राप्त किया जा सकता है।

नोट :- उक्त डाक की राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मात्र मान्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उच्चतम बोली गई डाक की राशि में से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की राशि वसूली की जायेगी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु डाक की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 की राशि से 10 प्रतिशत बढ़ाकर वसूल की जायेगी।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला

PR 315575 District (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।**
जतराहीबाग, चतरा- 825401 फोन नं0-06541-253273
Email ID: dlwtlchatra@gmail.com

**-::-आम सूचना-::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा NABL ( TC-11132) से मान्यता प्राप्त जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला चतरा में अपने निजी जल स्त्रोंतो का जल जाँच निम्नलिखित दरों पर कराया जा सकता है।

| Sl No | Parameter | Individual rate | Package rate (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Odour(गंध) | 1 | 50 |
| 2 | Colour(रंग) | 1 | |
| 3 | pH (पीएच) | 1 | |
| 4 | Residual Chlorine (अवशिष्ट क्लोरिन) | 1 | |
| 5 | Total Dissolved Solids (पूर्णतः घुलेहुए ठोस पदार्थ) | 1 | |
| 6 | Turbidity (गंदगी) | 5 | |
| 7 | Total Alkalinity (पूर्ण क्षारीयता) | 20 | |
| 8 | Total Hardness (पूर्ण खारापन) | 20 | |
| 9 | Chloride (क्लोराईड) | 50 | 50 |
| 10 | Fluoride (फ्लोराईड) | 50 | 50 |
| 11 | Iron(आईरन) | 50 | 50 |
| 12 | Sulphate(सल्फेट) | 50 | 50 |
| 13 | Nitrate(नाईट्रेट) | 50 | 50 |
| 14 | Total Arsenic(आर्सोनिक) | 100 | 100 |
| 15 | Total Coliform bacteria(पूर्ण कोलिफार्म वैक्टीरिया) | 100 | 100 |
| 16 | E. Coli or Thermo tolerant Coliform Bacteria( ईकोली या थरमो टोलरेन्ट कोलिफार्म वैक्टीरिया) | 100 | 100 |

- विशेष जानकारी के लिए सबंधित लैब रसायनज्ञ से मोबाईल न0 7004142509 एवं 8083682538 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला, चतरा का पता-जतराहीबाग, PHED कार्यालय कैम्पस चतरा, झारखण्ड- 825401

!! शुद्ध जलही जीवन है!!

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 315538 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

संसेक्स 71,386.21 ▲ +30.99
डॉलर 83.106 ▼ -0.057

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 16.0 | 16.0 |
| धनबाद | 25.0 | 17.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 17.0 | 21.0 |
| पलामू | 24.0 | 16.0 | 16.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 10 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 85, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय भारतीय कृषि का 'ड्रोन क्षण' ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | कर्नाटक में अधिक उपमुख्यमंत्री मंत्री पद ... 08 देश/विदेश







## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,500

चांदी (किलो) 72,630

## एक नजर

### गया से चतरा व डालटनगंज के बीच रेल लाइन निर्माण शीघ्र

**मेदिनीनगर।** बिहार और झारखंड के बीच रेल का सफर और सुगम होने जा रहा है। बिहार-झारखंड के बीच दो रेल लाइनों पर सर्वे का काम पूर्ण कर लिया गया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के सभागार में मंडल संसदीय समिति की बैठक के बाद जीएम ने कहा कि इंतजार की घड़ी खत्म हो गयी है। अब जल्द ही गया-चतरा व गया-डालटनगंज के मध्य रेलवे लाइन का निर्माण शुरू किया जायेगा। इसके लिए हर स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस बैठक में डीडीयू मंडल क्षेत्राधिकार के सांसद व सांसद प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सासाराम सांसद छेदी पासवान ने की। इस मौके पर औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, उद्योग व सार्वजनिक उद्यम मंत्री, भारत सरकार डॉ महेंद्र नाथ पांडेय के प्रतिनिधि अनिल तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

### ईडी कार्यालय पहुंचे पूर्व विधायक पप्पू यादव, पूछताछ शुरू

**रांची।** अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक राज किशोर यादव उर्फ पप्पू यादव मंगलवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां उससे पूछताछ चल रही है। इससे पूर्व ईडी ने तीन जनवरी को देवघर में पप्पू यादव के ठिकानें पर छापेमारी के बाद ही समन किया था। उन्हें नौ जनवरी को ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा गया था। राजकिशोर यादव उर्फ पप्पू यादव बिहार के कटोरिया के पूर्व विधायक थे। तीन जनवरी को ईडी ने 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी, जिनमें पप्पू यादव के देवघर स्थित आवास के अलावा बिहार का ठिकाना भी शामिल था। पप्पू यादव को साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव का करीबी बताया जा रहा है। पप्पू यादव ने पंकज मिश्रा के गिरफ्तार होने के बाद अवैध खनन की कमान संभाली थी। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में ईडी ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और जेल कर्मी अवधेश कुमार सिंह को 11 जनवरी, मुख्यमंत्री के करीबी विनोद कुमार सिंह को 15 जनवरी, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को 16 जनवरी का समन भेजा है। सभी के ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को ईडी ने 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की कोर्ट में हुई पेशी, मिली जमानत

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित जेल में बंद शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को संपादक (पत्रकार) को धमकी दिए जाने के मामले में न्यायिक दंडाधिकारी सोनाली सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। योगेन्द्र तिवारी को मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान योगेंद्र तिवारी ने जमानत याचिका दाखिल की। कोर्ट ने उसे जमानत प्रदान की। हालांकि, बेल बांड नहीं भरने की वजह से योगेंद्र तिवारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। योगेंद्र के खिलाफ अभी मनी लॉन्ड्रिंग का भी मामला लंबित है। सीआईडी ने खेलगांव थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकअप कर जांच शुरू की है।

## झारखंड कैबिनेट में 34 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जांच एजेंसी के समन पर सीधे हाजिर नहीं होंगे पदाधिकारी



### धनबाद नगर निगम एससी के लिए रहेगा आरक्षित

### निकाय चुनाव अब जनसंख्या के अनुरूप नहीं होगा, चक्रानुक्रम व्यवस्था समाप्त

### धनबाद में गया रेलवे ब्रिज के निर्माण के लिए 30 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी व अन्य जांच एजेंसियों की सक्रियता के खिलाफ झारखंड सरकार ने भी बगावती तेवर अपना लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि अब किसी भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर झारखंड के पदाधिकारी सीधे जांच एजेंसी के समक्ष नहीं जायेंगे। ईडी या फिर किसी भी जांच एजेंसी के समन या बुलावे पर पदाधिकारी पहले अपने विभाग के अध्यक्ष के माध्यम से कैबिनेट को इसकी जानकारी देंगे। कैबिनेट को जानकारी मिलने के बाद विभाग यह तय करेगा कि आगे क्या करना है। निगरानी विभाग इसके लिए नोडल के रूप में काम करेगा और वह तुरंत विधि विशेषज्ञों से सलाह लेकर आगे की कार्रवाई के लिए उक्त अधिकारी को सलाह देगा। राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए इसे काफी अहम माना जा रहा है। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। बताया कि बैठक में 34 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मालूम हो कि ईडी की तरफ से आये दिन राज्य के मुख्यमंत्री व पदाधिकारियों को समन दिया जा रहा था, जिसके बाद पदाधिकारियों को ईडी के सामने पूछताछ के लिए जाना पड़ता था। इससे पहले पूछताछ के दौरान राज्य में दो आईएएस अधिकारी और कुछ पदाधिकारियों को ईडी गिरफ्तार कर चुका है। कुछ दिनों पहले खनन घोटाले मामले में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को समन भेजा गया है। अभिषेक प्रसाद पिंटू को 16 और साहिबगंज डीसी को शेष पृष्ठ 09 पर

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- एनसीसी कैडेट को शिविर के दौरान भोजन भत्ता 150 रुपये प्रतिदिन किया गया है। पहले 95 और 100 रुपये ही था।
- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ सीमा साहू, सहायक प्राध्यापक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- गिरिडीह के सदर अस्पताल के विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट डॉ मो इबरार, विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल, को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के संचालन के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- केन्द्र प्रायोजित मिशन शक्ति के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए इनके पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण निमित्त शेष पृष्ठ 09 पर

## छत्तरपुर विधायक और पूर्व सांसद की गाड़ी पर पथराव



- बाल-बाल बचे प्रतिनिधि, अंगरक्षक समेत कई जख्मी
- हिट एंड रन कानून के खिलाफ आक्रोश में चालक, छतरपुर में नवनिर्मित फोरलेन को किया जाम
- जिला मुख्यालय से पुलिस फोर्स मौके पर रवाना

**मेदिनीनगर।** हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क जाम कर रहे चालकों ने छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार की गाड़ी पर मंगलवार की देर शाम पथराव किया। घटना में प्रतिनिधि द्वय जहां बाल-बाल बचे। वहीं उनके दो सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गये। आन्दोलनकारियों के पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मियों को भी चोटें आयी हैं। पूर्व सांसद द्वारा इस संबंध में छतरपुर थाना में मामला दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ चालकों को हिरासत में लिया है। जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस फोर्स मौके पर रवाना हो गई है। बताया जाता है कि हिट एंड रन कानून के विरोध में करीब 200 की संख्या में चालक छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ में नवनिर्मित फोरलेन को सुबह से ही जाम कर धरना दे रहे हैं। सारे चालक छतीसगढ़ के रायगढ़ एवं उड़ीसा से वापस आते ही कानून के विरोध में सड़क पर उतर आये। दोपहर के समय जाम कर रहे चालकों को छतरपुर अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, पुलिस निरीक्षक वीर सिंह मुंडा सहित प्रशासन के अन्य लोगों ने समझा बुझाकर शेष पृष्ठ 09 पर

### सैकड़ों वाहन जाम में फंसे

छतरपुर में नवनिर्मित फोरलेन को जाम कर देने से दोनों तरफ सैकड़ों गाड़ियां फंसी हैं। बिना कोई पूर्व सूचना के ही सड़क जाम करने से कई यात्री बसें सहित एम्बुलेंस भी जाम में फंसे रहे। यात्रियों व महिलाओं की याचना का भी चालकों पर कोई असर नहीं पड़ा।

## मोहम्मद शमी सहित कई खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय खेल और साहसिक पुरस्कार 2023 प्रदान किए। क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने शमी के अलावा ओजस प्रवीण, शीतल देवी और अन्य को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। भारत में दूसरा सबसे बड़ा खेल सम्मान अर्जुन पुरस्कार अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन करने के लिए दिया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लॉन बाउल्स में उनकी उपलब्धियों के लिए पिंकी, शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्क्वैश में हरिंदर पाल सिंह संधू, टेबल टेनिस में अयहिका मुखर्जी, कुश्ती में सुनील कुमार और अंतिम पंघाल, नाओरेम रोशिबिना देवी को वुशू, शीतल देवी को पैरा तीरंदाजी, इलुरी अजय कुमार रेड्डी को ब्लाइंड क्रिकेट, प्राची यादव को पैरा कैनोइंग में उनकी उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार, 2023 प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विनीत कुमार शर्मा और कविता सेल्वराज को ध्यानचंद पुरस्कार (लाइफटाइम), 2023 प्रदान किए। राष्ट्रपति ने लैंड एडवेंचर में उनकी उपलब्धियों के लिए सविता कंसवाल शेष पृष्ठ 09 पर

### मुख्यमंत्री ने डोंबारी बुरु हत्याकांड के अमर वीर शहीदों की शहादत को किया नमन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जलियांवाला बाग जैसी कई वीभत्स घटनाएं इतिहास के पन्नों में खोयी हुई हैं। सोरेन ने एक्स पर मंगलवार को कहा कि अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से यहां की मिट्टी सनी हुई है। ब्रिटिश शोषकों की ऐसी ही क्रूरता और अत्याचार का गवाह है डोंबारी बुरु, जहां कई लोगों ने अपना अमर बलिदान दिया था। डोंबारी बुरु हत्याकांड के अमर वीर शहीदों की शहादत को शत-शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।

## सेरेंगदाग मांइस में नक्सलियों का तांडव, आठ गाड़ियों में लगाई आग

### क्षेत्र में लंबे अरसे बाद नक्सलियों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के सेरेंगदाग माइंस में सोमवार की देर रात नक्सलियों ने जमकर तांडव मचाया। नक्सलियों ने कुल आठ गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया, जिसमें पांच हाईवा, एक ट्रक, एक पानी टैंकर, एक पिकअप वाहन शामिल हैं। घटनास्थल पर नक्सलियों ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेवारी ली है। आपको बता दें कि गुमला जिले में कई बड़े नक्सलियों के मारे जाने तथा कुछ नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के लंबे अरसे के बाद नक्सलियों ने गुमला जिले में बड़ी दस्तक देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि इस घटना को लेवी व दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है लेकिन माइंस में मजदूर में दहशत में है। जिले की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि 5 से 6 नक्सलियों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया है। वहीं इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने फोन पर बताया कि नक्सलियों ने पांच से छह गाड़ियों में आग लगाई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## पलामू : कंट्रोल रूम में तैनात एएसआई की मौत

### पैतृक गांव गिरीडीह में होगी अंत्येष्टि, पुलिस कर्मियों में शोक

**मेदिनीनगर।** जिला पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात एएसआई परमानंद तिवारी की सोमवार को मौत हो गयी। बताया जाता है कि गिरीडीह के मूल निवासी परमानंद की तबियत सोमवार की दोपहर अचानक खराब हो गयी। उन्हें इलाज के लिए मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंच जानकारी हासिल की। बताते चलें कि एएसआई पिछले कुछ वर्षों से पलामू में तैनात थे। उनको को लिवर से संबंधित कुछ समस्या थी। जिसका इलाज राज्य के बाहर के अस्पताल से चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में शोक सलामी दी जायेगी। अंत्येष्टि पैतृक घर गिरिडीह में ही होगी।

## इंडिया

# धर्म के नाम पर बढ़ता पर्यटन उद्योग



सुनील बादल

**पर्यटन** रोजगार का बहुत बड़ा माध्यम है और हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार और जम्मू कश्मीर जैसे राज्य या केंद्र शासित प्रदेशों ने इससे अपनी अर्थव्यवस्था में इससे बहुत बढ़ोत्तरी की है ।रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता से मुक्त होने के बाद जीवन की एकरसता दूर करने के लिए अपनी सुविधा और पहुंच के हिसाब से लोग यात्राएं करते हैं ।जनसंख्या के दृष्टिकोण से भारत विश्व का दूसरा और क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से विश्व का सातवां बड़ा देश है। यहां पर प्राचीन समय से ही सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व भौगोलिक इत्यादि आधारों पर विविधताएं पाई जाती हैं।भारत में पर्याप्त ऐतिहासिक स्थल, भौगोलिक विविधताएं, जलवायु भिन्नताएं और प्राकृतिक उपहार उपलब्ध हैं। 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस की शुरूआत वर्ष 1980 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा की गयी थी, तब से अलग-अलग देश विश्व पर्यटन दिवस के आयोजक बनते हैं। 2022 में पर्यटन मंत्रालय 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर 75 सप्ताह का भव्य उत्सव 'ग्रामीण और सामुदायिक केंद्रित पर्यटन किया था ।

पर्यटन उद्योग के विकास के लिए पर्यटन नियोजन से आय के स्रोत के रूप में पर्यटन का बढ़ता महत्त्व, रोजगार सृजन, क्षेत्रीय विकास, विदेशी मुद्रा और कई देशों के लिए भुगतान संतुलन में प्रमुख कारक कई सरकारों के साथ-साथ आर्थिक विकास में रुचि रखने वाले अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है ।पर्यटन 20वीं सदी के सबसे बड़े वैश्विक उद्योग के रूप में उभरा है और 21वीं सदी में और भी तेजी से बढ़ने का अनुमान है ।भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सचेत और संगठित प्रयास 1945 में किए गए थे। इसके बाद भारत में व्यवस्थित पर्यटन का विकास हुआ ।1980 के दशक के बाद पर्यटन गतिविधि ने रोजगार सृजन, आय के स्रोत, विदेशी मुद्रा आय और एक उद्योग के रूप में गति प्राप्त की। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शेष पृष्ठ 09 पर

### राम मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या में पर्यटकों की भीड़

| साल | पर्यटक |
|---|---|
| 2018 | 3.18 लाख |
| 2019 | 3.42 लाख |
| 2020 | 1.73 लाख |
| 2021 | 2.83 लाख |
| 2022 | 2.39 करोड़ |



# मशरूम में है कैंसर व कोरोना रोधी गुण

### इसमें होते हैं बायोएक्टिव पालीसेकेराइड और इम्यूनोमाड्यूलेटिंग यौगिक जो प्रतिरक्षा प्रणाली की मदद करने के साथ-साथ विषाणु, जीवाणु व कवक से होने वाले संक्रमण से लड़ सकते हैं

-आरपी सिंह



**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट आफ एडवांस स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलाजी (आइएएसएसटी) के शोधकर्ताओं के एक शोध से पता चला है कि मशरूम में कोविड-19 सहित अन्य वायरल संक्रमणों से लड़ने की अद्भुत क्षमता मौजूद है। इसमें बायोएक्टिव पालीसेकेराइड और इम्यूनोमाड्यूलेटिंग यौगिक होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली की मदद करने के साथ-साथ विषाणु, जीवाणु और कवक से होने वाले संक्रमण से लड़ सकते हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस बारे में बताया कि मशरूम व उससे प्राप्त बायोएक्टिव तत्वों में कोविड जैसी महामारी का मुकाबला करने की क्षमता है। शोधकर्ताओं के अनुसार मशरूम में प्राकृतिक रूप से मौजूद ये तत्व हमारे शरीर में होने वाले संक्रमण के साथ-साथ विषाणु, सूजन और रक्त के थक्के को जमने से रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। यह तत्त्व मशरूम में प्राकृतिक तौर पर मौजूद होते हैं और ऐसे मशरूमों में भी पाए जाते हैं, जिन्हें ढूंढना आसान है। शोध के नतीजे जर्नल आफ फंगी में प्रकाशित हुए हैं। वैज्ञानिक कोविड व उसके जैसे महामारी से सुरक्षा के लिए ऐसे जैव-सक्रिय यौगिकों का अध्ययन कर रहे हैं, जो इंसानों के प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ इन के प्रसार को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। इसी कड़ी में वैज्ञानिकों ने मशरूम के बारे में भी अध्ययन किया। इसमें एंटीऑक्सीडेंट का स्तर काफी ज्यादा और पोषण संबंधी गुण मौजूद होते हैं। इनके दुष्प्रभाव भी काफी कम होते हैं। शोध के अनुसार, आहार के रूप में लोगों को मशरूम बेहद पसंद है। भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में इसका उपयोग कई शेष पृष्ठ 09 पर

## एक नजर

### बीपीडीएवी फाइनल में

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल में बीपीडीएवी ने शांति निवास को 11 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शांति निवास हाई स्कूल ने टॉस जीतकर बीपीडीएबी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बीपीडीएवी ने नैतिक के 46 और सत्यम को 15 रन की बदौलत निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 107 रन बनाए। शांति निवास की ओर से आयुष ने तीन विकेट प्राप्त किये। शांति निवास की टीम श्रीजीत के 34 रन की मदद से नौ विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी। बीपीडीएवी के चेतन ने चार विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीपीडीएवी के चेतन को गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, आशुतोष रंजन ने प्रदान किया। मौके पर अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय रणजीत तिवारी, नैतिक, आलोक कुमार, आदित्य तिवारी, अनिल कुमार, धीरज दुबे, प्रवीन मिश्रा, प्रिंस दुबे मौजूद थे।

### हाथियों के उत्पात से प्रभावित लोगों से मिले पूर्व विधायक देव

**धुरकी।** कांग्रेस नेता सह पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अम्बाखोरेया व भंडार पंचायत अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक गांवों में डोर टू डोर पहुंचकर हाथियों द्वारा तोड़े गए मकान व फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मोबिन अंसारी, इनायतुल्लाह अंसारी, अब्बास अंसारी आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी का निधन

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी निवासी सह समाजसेवी श्यामनारायण चौबे (98) का निधन मंगलवार की दोपहर में गया। वे बीमार चल रहे थे। स्व. श्यामनारायण चौबे का नाम जनसंघ के जाने माने नेताओं में शुमार था। क्षेत्र के कई राजनीतिक व गणमान्य लोगों उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया। इसमें मुखिया पति पिंटू आलम, केडी चौबे, पूर्व मुखिया श्याम सुंदर गुप्ता, प्रदीप चौबे, डोमन चन्द्रवंशी, संजय गुप्ता, शंभू सेठ, मनोज चौबे, श्रीकांत चौबे, दीपक तिवारी आदि शामिल थे।

### नंदजी राम प्रभारी बीडीओ और सुनील कुमार प्रभारी सीओ

**केतार।** उपायुक्त ने मंगलवार को भवनाथपुर के बीडीओ नंदजी राम को अपने पूर्व आवंटित कार्यों के अतिरिक्त बीडीओ केतार का पुनः अतिरिक्त प्रभारी बनाया है। एक दिन पूर्व उपायुक्त ने पत्र प्रेषित कर प्रभारी बीडीओ नंदजी राम की जगह अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का प्रभारी खरौंधी प्रखंड के अंचलाधिकारी सुनील कुमार को बनाया था।

### छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**चिनिया।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के सैकड़ों छात्र व छात्राएं मंगलवार को सुरक्षित वाहन से शैक्षणिक भ्रमण के लिए गढ़वा पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए रवाना हुए। मौके पर प्रधानाध्यापक समीर राज, एसएमसी अध्यक्ष रामसागर यादव, निकासी व्यंयन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर शिक्षक शोएब अख्तर, शिक्षक बृजेंद्र पांडे, राजीव रंजन तिवारी, दुर्गेश प्रसाद गुप्ता, विजय सिंह, रेशमा डुंग डुंग, सविता कुमारी, अभय प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा योजनाओं में अनियमितता उजागर

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़** प्रखंड के सभी चार पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में संचालित मनरेगा के तहत योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण दल के सदस्यों द्वारा बीते एक सप्ताह तक किए गए भौतिक सत्यापन के पश्चात संबंधित पंचायत सचिवालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान ज्युरी मेंबरों के समक्ष योजनाओं में अनियमितता से संबंधित दस्तावेज रखा गया। पंचायत सचिवालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सामाजिक अंकेक्षण दल ने ज्युरी मेंबर हिमांशु पंडित, गोपाल तिवारी, विशैला देवी, कविता देवी, सीमा कच्छप एवं रूचन राम के समक्ष जो मामले रखे

**भौतिक सत्यापन के बाद हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम**

उनमें पंचायत के विभिन्न गांवों में संचालित 16 योजनाओं के पूर्ण होने के बाद भी योजना की कुल राशि 1473401 रुपये की जगह पर मात्र 936861 का भुगतान कर योजना को बंद करने की बात बताई गई। लाभुकों का 6 लाख से अधिक राशि का भुगतान बाकी है। सामाजिक अंकेक्षण दल के बीआरपी जितेंद्र कुमार गुप्ता, बीआरपी एसडी रामटहल प्रजापति, भीआरपी खुशबू कुमारी एवं माया देवी सहित मुखिया जंगलपती लकड़ा, रोजगार सेवक कुंवर सिंह, कनीय अभियंता प्रिंस कुजूर, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला आदि उपस्थित थे।

# कृषि मेला सह प्रदर्शनी में उत्पादों के साथ पहुंचे 85 किसान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** खरौंधी प्रखंड के मध्य विद्यालय के प्रांगण में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा की ओर से मंगलवार को अनुमंडल स्तर पर कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। 85 किसान कृषि उत्पादों के साथ प्रदर्शनी में शामिल हुए। इसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांती देवी एवं उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने किया।



मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि मेला का आयोजन अनुमंडल के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। यहां के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीक के आधार पर खेती करने से उत्पादन क्षमता बढ़ाने में उदद मिलेगी, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि कृषि मेला सह प्रदर्शनी किसानों के लिए बहुत बड़ा मंच है, जहां पर किसान अपनी समस्या को कृषि वैज्ञानिकों के बीच रखकर खेती से संबंधित समाधान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2016 में खरौंधी एवं अन्य क्षेत्रों में अतिवृष्टि से टूटे हुए बांधों को मनरेगा द्वारा बंधवाया जाएगा। इसके अलावा खरौंधी प्रखंड के लिए मनरेगा से ज्यादा से ज्यादा सिंचाई कूप की मांग जिला से की गई है। यहां के किसानों को मनरेगा से सिंचाई कूप मिलेगा। जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से यहां के किसान जागरूक होंगे। नई-नई तकनीक की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ा पाएंगे। अरंगी गांव निवासी श्याम लाल मेहता द्वारा प्रदर्शनी में साढ़े तीन फीट का कद्दू एवं पान पता लाया गया। उन्होंने बताया कि कृषि से किसानों को काफी फायदा हुआ है, परंतु सब्सिडी पर आधुनिक कृषि उपकरण हम जैसे किसानों को नहीं मिल पाता है। जेएसएलपीएस आजीविका मिशन की शोभा कुमारी, सोनी देवी ने कृषि मेला में जैविक खाद प्राणा मृत, नाडेफ जैविक खाद, ब्रह्मास्त्र कीटनाशक दवा एवं विटामिन में अंडा टॉनिक बनाया जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। मेले में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, जिला मत्स्य कार्यालय, भीएनआर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, अंकुर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बायर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन, कृषि विभाग आदि के द्वारा स्टाल लगाए गए। मौके पर आत्मा के उपनिदेशक नरेंद्र नाथ सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी रविशंकर वर्णवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, जिला परिषद की ओर कृषि सभापति शम्भू चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, सीओ सुनील कुमार, बीडीओ रविंद्र कुमार, प्रमुख आभा रानी, 20सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उपप्रमुख देवदत प्रसाद उपस्थित थे।

# अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो उरिया नदी भी हो जाएगी बालू विहीन

## माफिया मेराल थाना क्षेत्र के कई जगहों पर बालू का बड़े पैमाने पर अवैध भंडारण भी कर रहे, अधिकारी चुप

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** थाना क्षेत्र के अंतर्गत उरिया नदी से अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन के लोग चुप्पी साधे हुए हैं। अवैध बालू के उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। बालू माफियाओं द्वारा थाना क्षेत्र के कई जगहों पर बालू का बड़े पैमाने पर अवैध भंडारण भी किया जा रहा है। इसके कारण गांव के लोगों को आवास, शौचालय सहित अन्य कार्यों के लिए ऊंचे दामों पर बालू खरीदना पड़ रहा है।





बालू माफियाओं द्वारा उरिया नदी में गेरुआ के बिछिया दामर घाट, ऊरिया टोला घाट, रेजो के दुनुखाड़ घाट, हासनदाग के असमसान घाट, उरिया नदी पुल सतबहिनी घाट, करकोमा के चतरी टोला घाट, पिपरडोलिया घाट आदि घाटों से प्रतिदिन अवैध उत्खनन कर बालू का उठाव बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। बालू उठाव कर प्रखंड क्षेत्र में नहीं, दूसरे प्रखंडों में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। साथ ही सड़क, पुल, पुलिया निर्माण में भी बालू की सप्लाई की जा रही है।

वहीं बालू उठाव के कारण नदी के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है। बालू का अवैध उत्खनन कर नदी को 5 से 7 फीट तक गहरा कर दिया गया है, जिसके कारण आने वाले समय में नदी के आसपास के गांवों में जल संकट गहराने की आशंका है। बालू माफियाओं द्वारा उरिया नदी के सतबहिनी घाट पर 1 साल पूर्व में बनाए गए पुल के समीप बालू का उत्खनन किया जा रहा है। इसके चलते पुल पर भी संकट मंडरा रहा है। पूर्व के पुल बालू उठाव के कारण ही ध्वस्त हुआ था, जिसके कारण आवागमन वर्षों बाधित रहा था। समय रहते अवैध बालू उत्खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो दानरों नदी की तरह ही उरिया नदी भी बालू विहीन हो जाएगा। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं पीएम आवास, अबुआ आवास, शौचालय आदि के निर्माण के लिए लोगों को दूसरी जगह से ऊंचे दामों पर बालू खरीदना पड़ेगा, जिसके कारण योजना समय पर पूर्ण नहीं होगा।

### 'प्रशासन की मिलीभगत से सरकारी संरक्षण में नदियों से धड़ल्ले से हो रहा बालू का अवैध उत्खनन'

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि नदियों से धड़ल्ले से बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अगर इस पर रोक नहीं लगा रहा है अथवा अवैधकर्ता के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है तो स्पष्ट है इसमें प्रशासन की मिलीभगत है और यह सब सरकारी संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी खरौंधी के पिपरा गुलरिया घाटी में सोन नदी से बालू के अवैध उत्खनन के लिए राज्य में सरकार चला रही पार्टी के एक कार्यकर्ता ने सरेआम जेसीबी मशीन से लम्बी सड़क बनवा दी गई और बालू की निकासी की जा रह है। इधर एसडीओ रतन कुमार सिंह ने भी नदियों से उत्खनन के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार किया है। सोन नदी के पिपरा गुलारिया घाटी और खोखा सोन नदी से बालु के अवैध उत्खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मामले



की जांच कराई जा रही है। कौन-कौन इसमें इंवॉल्व हैं उसका पता लगाया जा रहा है। जांच में जिन-जिन अवैध कताओं कासंलिप्ता पाई जाएगी उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इधर प्रखंड के करीवाडीह निवासी आशुतोष शरण सिंह ने मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी श्रीबंशीधर, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी को आवेदन देकर सोन नदी की गुलरिया घाटी से अनाधिकृत रूप से बालू उठाव करने वाले बालू माफिया पर रोक लगाने की मांग किया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में उच्च विद्यालय श्रीवंशीधर नगर के हलीवंता उच्च विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत हूं। मैं अपने माता-पिता तथा परिवार के सभी सदस्यों के साथ निज आवास ब्लॉक मोड के बिशनपुरा रोड में रहता रहता हूं। पिछले रविवार को मैं अपने पैतृक गांव करिवाडीह गया था। वहां मुझे मालूम हुआ कि सुंडी पंचायत के पिपरा के समीप गुलरिया में हमारी रैयत्ती जमीन है। उक्त जमीन में अज्ञात बालू माफिया ने रैयती जमीन में अनाधिकृत रूप से अस्थाई सड़क बनाकर रात के साये में सोननदी से बालू का उठाव कर रहे है। जब हम उक्त भूमि पर गए तो देखा कि सोननदी से ट्रैक्टर और टिपर से अवैध रूप के द्वारा उठाया गया है। पहिए के निशान और सड़क मार्ग भी बना दिया गया है, जिससे धड़ले से बालू का उठाव हो रहा है। माफियाओं और उनको सहयोग करने वाले लोगों का एक समूह है। अकेले में रोकने पर किसी घटना को व्यक्तिगत रूप से अंजाम दे सकते हैं।

# अबुआ पोर्टल से नाम हटाए जाने के विरोध में आवेदकों ने काटा बवाल

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** अबुआ आवास पोर्टल से नाम हटाए जाने से आक्रोशित आवेदकों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पर जमकर बवाल काटा। साथ ही संबंधित कर्मी व पदाधिकारीयों के खिलाफ खूब नारेबाजी भी की। प्रखंड कार्यालय पहुंचे लाभुक इतने आक्रोश में थे कि वे सिर्फ और सिर्फ किसी की बात न सुनकर मामले में संलिप्त पदाधिकारी और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बताया जाता है कि अबुआ आवास के पोर्टल से नाम हटा देने के कारण आक्रोश में होकर डंडाई मुख्य बाजार से सैकड़ों की संख्या में नारेबाजी करते वे सभी प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। वहीं आवेदकों की आवाज सुन 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी अपने कार्यालय से बाहर निकल उक्त स्थल पहुंच गए। इस बीच उनकी समस्या को उन्होंने बारीकी से सुना और मामले की लड़ाई साथ में होकर लड़ने का उन्हें आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम था, लेकिन पदाधिकारी और कर्मियों ने आवेदकों के आवेदनों को पोर्टल पर चढ़ाने के बाद उसे हटाकर उक्त कार्यक्रम को मजाक बना दिया है। प्रखंड कार्यालय पहुंचे आवेदक ओमप्रकाश रवि, सनी कुमार, राजेंद्र राम, राजेश शाह, ओम प्रकाश गुप्ता, अली जमा अंसारी, विनोद यादव, मोतीलाल राम, याकूब अंसारी इत्यादि लोगों ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1980 लोगों ने अबुआ आवास को लेकर आवेदन जमा किए थे। शिविर में ही कर्मियों के द्वारा सभी आवेदनों संबंधित पोर्टल पर चढ़ा दिया गय था। उसके बाद न जाने किसके दबाव में कर्मियों द्वारा उनमें से 670 आवेदकों का नाम पोर्टल से हटा दिया गया। अबुवा आवास के पोर्टल पर डंडाई पंचायत में सिर्फ 1310 लोगों का ही नाम दिख रहा है। साथ ही कहा कि पोर्टल से गायब हुए नामों में कई ऐसे आवेदक थे जिनके परिवार या वे स्वयं अभी तक किसी भी तरह की आवास योजना का लाभ नहीं लिया है। मामले में पूछने पर मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि अबुवा आवास के पोर्टल से लाभुकों का नाम हटाने की मुझे जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत के सारे लोग हमारे लिए प्रिय हैं। क्राइटेरिया के दायरे में जो आता है उन्हें आवास योजना का लाभ मिलता है। लेकिन बीच में ही पोर्टल से नाम हटाकर जो खेल खेला गया है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।



# स्टॉक में कम मिली शराब, दुकान प्रभारी को पूछताछ के लिए साथ ले गयी टीम

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** केतार बाजार स्थित कम्पोजिट शराब की दुकान में मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम की उपस्थिति में जीडीएक्स कंपनी के जिला कोआर्डिनेटर रोहित सिंह ने सोशल आडिट किया, जिसमें स्टॉक में शराब कम मात्रा में मिली। दुकान इंचार्ज प्रदीप कुमार गुप्ता से शराब स्टॉक व बिक्री की जानकारी ली गई। आडिट टीम ने बताया कि दुकान इंचार्ज ने रजिस्टर में शराब बिक्री दर्शाई है जबकि उक्त शराब की राशि कंपनी के खाते में जमा नहीं की गई है। बताया गया कि 9 लाख 99 हजार 915 रुपये की शराब का स्टॉक दुकान में भेजा गया था। लेकिन लगभग 9 लाख 37 हजार रुपये की शराब दुकान में नहीं मिली न ही इसकी राशि कम्पनी को भेजी गई है। गढ़वा जिले में जीडीएक्स कम्पनी ब्लैकलिस्ट होने के बाद फिलहाल आरके कम्पनी दुकान संचालित कर रहा है। उत्पाद विभाग के सबइंस्पेक्टर विक्रम साहू दुकान इंचार्ज को पूछताछ के लिए गढ़वा आफिस ले गये। साहू ने कहा कि दुकान से शराब का गबन हुआ है या नहीं इसका खुलासा पूछताछ में होगा। इसकी रिपोर्ट सुप्रीटेंडेंट को भेजी जायेगी। टीम में मुकेश कुमार, नरेन्द्र कुमार आदि शामिल थे।



# 'जातीय जनगणना कराने के प्रति सरकार गंभीर नहीं'

**पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच की बैठक में वक्ताओं ने रखे विचार**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता एवं अधिकार मंच की बैठक उमंग वाटिका नवादा मोड़ गढ़वा में की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद पूर्व प्रत्यासी विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र एवं संचालन समाजसेवी अजय वर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन संयोजक मंडली ने किया। समाजसेवी युगूल पाल ने कहा कि पिछड़ा समाज आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सभी क्षेत्रों में पीछे है। आज झारखंड में ग्राम पंचायत चुनाव से लेकर वर्तमान में होने वाले नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। यह दर्शाता है कि पिछड़ी जाति के प्रति सरकार उदासीन है। जातीय जनगणना कराने के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। वहीं ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पिछड़ा समाज को जनसंख्या के आधार पर उचित भागीदारी नहीं मिलना काफी दुखद है। संयोजक मंडल ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मेदिनीनगर में 15 फरवरी से पहले एक बड़ी जनसभा शिवाजी मैदान में पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच द्वारा की जायेगी। सरकार को ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए मजबूर कर दिया जाएगा। इसके पहले 16 जनवरी को पलामू जिले के लिए ओबीसी जागरूकता रथ रवाना किया जायेगा। 18 जनवरी को गढ़वा जिले से रथ यात्रा आरंभ किया जायेगा। कार्यक्रम को समाजसेवी विनोद कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी, समाजसेवी सह सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, वीरेंद्र साव, अख़्तर अंसारी, पलामू जिला के पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, समाजसेवी रामबिचार साहू, शिव कुमार विश्वकर्मा, बरूण बिहारी, शंकर प्रताप विश्वकर्मा अशोक पाल, राजेंद्र महतो, पूर्व जिला पार्षद कंचन केशरी, डॉ रविन्द्र ठाकुर, गोरख नाथ चौधरी, सुरेंद्र गुप्ता, अब्दुल अनसारी, कुंदन चंद्रवांशी, सतेंद्र मेहता, आनंद विश्वकर्मा, कलामुदीन अंसारी, अधिवक्ता विनय पाल, विजय कुमार चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी आदि ने भी संबोधित किया।



**आयोजन** विकसित भारत कार्यक्रम को सांसद बीडी राम ने किया संबोधित

# 'अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना उद्देश्य'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड के भोजपुर व कधवन ग्राम में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पलामू सांसद बीड़ी राम, बीडीओ विकास कुमार, पंचायत के मुखिया, वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव व अन्य ने संयुक्तरूप से किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि सांसद बीडी राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक सभी के प्रयासों से देश को विकसित भारत बनाने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी जनता को दी जा रही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 48 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। गैस चूल्हा एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मुकेश चौबे, धीरेंद्र चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, शहरी कनिष्क कुमार, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, विवेकानंद पाण्डेय, विभुति भूषण चौबे, संजय कसेरा, जेएसएलपीएस के समन्वयक धनंजय कुमार, भोजपुर पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव, गरबांध मुखिया सिस्टबयानी केरकेट्टा, कधवन पंचायत के मुखिया फिरदौश आलम आदि उपस्थित थे।




# ड्रग इंस्पेक्टर के आने की भनक लगते ही भवनाथपुर में दुकान बंदकर भागे संचालक

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** गढ़वा ड्रग इंस्पेक्टर का भवनाथपुर में पहुंचने की भनक लगते ही मेडिकल संचालक दुकान को बंद कर फरार हुए। बता दें कि गुरुवार को गढ़वा ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कश्यप मेडिकल दुकान का निरीक्षण करने भवनाथपुर पहुंच कर अनुकूल मेडिकल में निरीक्षण कर रहे थे। यह खबर भवनाथपुर में संचालित मेडिकल दुकान के संचालकों को जैसे ही मिली वे अपनी-अपनी दुकान को बंद कर भाग गए। ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कश्यप ने बताया कि गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में जाकर मेडिकल दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी दौर में भवनाथपुर में निरीक्षण करने आए थे। सिर्फ दो दुकानों का निरीक्षण किया गया है। भवनाथपुर के केतार रोड स्थित अनुकूल मेडिकल एवं सदभावना मेडिकल ही खुली मिली बाकी सभी दुकानें बंद हैं। उन्होंने ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कमी मिली है। रिपोर्ट बन गई है। विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं सदभावना मेडिकल का प्रोपराइटर मेडिकल में नही था। बताया गया कि वह बनारस गया हुआ थ। इसके बावजूद दुकान खुली होनी गलत है। दोनों दुकानों पर कार्रवाई होगी। बंद दुकानों के सवाल पर बताया कि सभी दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।



## एक नजर

### पूर्व मंत्री ने जन समस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** प्रदेश की पूर्व मंत्री व जदयू नेत्री सुधा चौधरी ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भीखही पलवा और कई सुदूरवर्ती गांवों का दौरा कर जन समस्याओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने नागरिकों को बुनियादी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। मौके पर जदयू के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, महासचिव सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष राजपति प्रजापति, अवध किशोर सिंह मौजूद थे।

### वाहन के धक्के से अज्ञात की मौत

**मेदनीनगर।** शहर के चियांकी चेकनाका के पास अज्ञात वाहन के धक्के से मंगलवार को एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इसके बाद लातेहार की और से आ रहे एक कमांडर चालक आनन्द गुप्ता ने उक्त व्यक्ति को अपने वाहन से मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस शव के शिनाख्तगी का प्रयास कर रही है।

### साहित्य का जीवन में विशेष महत्व

**मेदिनीनगर।** साहित्य का जीवन में विशेष महत्व होता है। यह अतीत के ज्ञान के साथ वर्तमान का यथार्थ चित्रण करता है। साथ ही भविष्य निर्माण की प्रेरणा भी देता है। उक्त बातें प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने आवास पर अदबी संसार के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि साहित्य सेवा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति बधाई का पात्र है। वरिष्ठ राजनेता व समाजसेवी आनंद शंकर ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनका सहयोग अदबी संसार को हमेशा मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि अदबी संसार साहित्य सृजनशीलता में लगातार कार्य कर रहा है। यह पलामू के लिए खुशी की बात है। प्रतिनिधि मंडल में अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर, अध्यक्ष इमरान शाद, संरक्षक डॉ. तस्लीम आरिफ व हाजी अमीन रहबर, सेक्रेटरी शाहिद अनवर, जावेद अहमद खां, फैयाज अहमद, अनवर हुसैन, इमरान अजीजी शामिल थे।

### पर्यावरणविद् ने अजमेर जा रहे यात्रियों को सौंपा पौधा

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे जायरीनों को ड्राई फुड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम का पौधा देकर उन्हें सम्मानपूर्वक रवाना किया। उन्होंने सभी अकीदतमंदों की सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनायें दीं। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने डाली बाजार को हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बताया। अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में डाली बाजार की उप मुखिया नगीना बीबी, जुबेर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, जहरू अंसारी, करीमन अंसारी, शाहजहां अंसारी, बड़ा यासीन, शमीम अंसारी, असलम अंसारी, परवेज आलम, इदरीश अंसारी, सरताज अंसारी, रजि अहमद, नुरुल हुदा, मकबूल अंसारी आदि शामिल थे।

---

### प्रतीत हो रहा मानो फिर से धरा पर अवतरित हो रहे श्रीराम

# प्राण-प्रतिष्ठा से देशवासियों का रोम-रोम पुलकित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परम पावन अयोध्या धाम में नवनिर्मित विहंगम श्रीराम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की सूचना मात्र से ही देशवासियों का रोम-रोम पुलकित हो उठा है। यह राम राज्य नहीं तो और क्या है कि जहां विश्व के कई हिस्से इन दिनों विध्वंसक हिंसा की चपेट में हैं। वहीं हम जन-जन के आराध्य श्रीराम का प्राण-प्रतिष्ठा कर संपूर्ण विश्व में शांति का शंखनाद कर रहे हैं। उक्त बातें मानस मर्मज्ञ अरुण शास्त्री ने मंगलवार सुबह रेड़मा ठाकुरबाड़ी के समीप विशेष धर्मचर्चा के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुगल आक्रांताओं ने न सिर्फ हमारी विरासत को तहस-नहस कर दिया, अपितु सनातन धर्म व संस्कृति को मिटाने का पुरजोर प्रयास भी किया। इसके बाद भी कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी की तर्ज पर श्रीराम के वंशजों ने पांच सदी तक निरंतर अपने प्रभु को उनके जन्म स्थान पर बैठाने को लेकर संघर्ष करती रही। आखिरकार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि मंदिर में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि फिर से भगवान राम का धरा पर अवतरण हो रहा है। अब निश्चित ही भारत एक बार पुनः विश्व गुरू बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम समस्त सनातन धर्मावलंबियों के आराध्य है। उनसे हमें जीवन में हर संघर्ष से लड़ने की जहां प्रेरणा मिलती है। वहीं संबंधों के अनुरूप आचरण करने की सीख मिलती है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिये न जाने कितने सनातनियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। अब उनकी आत्मा अपने वंशजों को अवश्य साधुवाद दे रही होगी।

---

### राष्ट्रीय भारोत्तोलन में आयुष ने जीता सिल्वर

**विश्रामपुर।** हरियाणा के पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रखंड अंतर्गत शंखा गांव निवासी आयुष कुमार दूबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जीत कर घर वापस पहुंचने पर ग्रामीणों ने आयुष का जोरदार स्वागत किया। बताते चलें कि हरियाणा के पानीपत में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों के डीएवी स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए आयुष ने सिल्वर मेडल जीता। बताते चलें कि आयुष के पिता बलवंत दुबे रेहला बिजली विभाग में बतौर क्लर्क पदस्थापित हैं। उन्होंने बताया कि आयुष बचपन से ही काफी होनहार रहा है। वह शिक्षा के साथ खेल में भी हमेशा बेहतर करता रहा है।

---

### पलामू व गढ़वा जिले की जिम्मेदारी संभालेगी 2/5 जीआर यूनिट

# पूर्व सैनिकों की समस्या दूर करेगी सेना की यूनिट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार रांची स्थित सेना मुख्यालय की यूनिटें झारखंड के प्रत्येक जिला को संरक्षण में लेते हुये वहां निवास करने वाले पूर्व सैनिकों के समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी संभालेंगी। पलामू व गढ़वा जिले की जिम्मेदारी 2/5 जीआर यूनिट को दी गयी है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सूबेदार दामोदर मिश्र ने बताया कि इस कार्य के लिये गठित मिलाप टीम द्वारा 13 जनवरी को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कैंप लगाया जायेगा। इस दौरान पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं और विकलांग सैनिकों के डाक्यूमेंट की जांच की जायेगी। इसमें किसी तरह की त्रुटि मिलने पर उसका समाधान भी किया जायेगा। साथ ही कैंप में पूर्व सैनिकों को दी जाने वाली सुविधाओं सहित विभिन्न अनुदानों की भी जानकारी दी जायेगी। श्री मिश्रा ने बताया कि मिलाप टीम अपने साथ मोबाइल सीएसडी कैंटीन भी लेकर आयेगी। इसके माध्यम से पूर्व सैनिक अपना पसंदीदा सीएसडी आइटम भी खरीद सकेंगे।

**जिला मुख्यालय में 13 जनवरी को आयोजित कैंप में पूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं का होगा समाधान**

---

### प्रमण्डलीय मुख्यालय से चैनपुर व चांदो होते हुटार तक जाती है सड़क , सैकड़ो वाहनों का संचालन

# जर्जर पुलिया में गड्ढे से बड़े हादसे की आशंका, सहमे लोग



पुलिया पर बना गड्ढा

**पुलिया धंसी तो एक लाख से अधिक की आबादी होगी प्रभावित,प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं इस जर्जर पुलिया से**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय मुख्यालय नगर निगम के वार्ड नं-35 चैनपुर वाया चांदो से होकर हुटार तक जाने वाली मुख्य सड़क पर चैनपुर अस्पताल के पास चट्टीपार गांव के कसईया नदी पर बनी पुलिया पूरी तरह जर्जर हो गई है। हाल यह है कि पुलिया के एक छोर पर बड़ा सा गोल्फ (सुराक) बन गया है। जिसमें वाहनों का चक्का कभी भी फंस कर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े यात्री व निजी वाहनों के साथ साथ सौ से अधिक पत्थर लदे हाईवा गुजरते हैं। दर्जनों स्कूल की बसें भी आती-जाती हैं। इसके बाद भी इस पुलिया की मरम्मत या नये निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, किन्तु कोई फायदा नहीं हुआ। लोग बताते हैं कि जर्जर पुलिया के कारण अक्सर दुर्घटनायें होती हैं। कई लोग घायल हो चुके हैं। इसे लेकर स्थानीय नागरिकों में जिला प्रशासन व स्थानीय जन प्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी बनी हुई है। गांव की महिलाओं में भी जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश है। कई महिलाओं ने कहा कि वे पुल पर दुर्घटना की आशंका के मद्देनजर अपने बच्चों को पुल के पहले ही वाहनों से उतार कर घर लाती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि तत्काल पुलिया की मरम्मत नहीं की गई तो इसके ध्वस्त होने पर एक लाख से अधिक लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जायेगा।

#### नई सड़क बनी पर पुलिया नहीं बनाया गया : पूर्व मुखिया



भड़गावा पंचायत के पूर्व मुखिया शिव प्रसाद चौधरी ने कहा कि इस पुलिया का निर्माण करीब तीस वर्ष पहले कराया गया था। हाल के वर्षो में चैनपुर से हुटार तक तक सड़क का निर्माण कराया गया, लेकिन संवेदक ने नई पुलिया की जगह पुरानी को ही छोड़ दिया गया।



**तुरंत पुलिया की मरम्मत करायें विधायक :** पूर्व उप मुखिया श्यामबिहारी चंद्रवंशी ने कहा कि प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपेक्षा का गवाह बन गया है यह पुलिया। विधायक व सांसद कई बार इस मार्ग से गुजरे हैं, पर किसी ने अब ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक तत्काल संज्ञान लेकर पुलिया की मरम्मत करायें।



**जल्द मरम्मत नहीं हुआ तो होगा आंदोलन :वार्ड सदस्य**

स्थानीय वार्ड सदस्य पति योगेंद्र राम ने कहा कि किसी बड़े हादसे से बचने के लिए तत्काल पुलिया की मरम्मत होनी चाहिए. अगर नहीं कराया गया तो आंदोलन को बाध्य होंगे।



**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा : शिक्षक**

स्थानीय सहायक शिक्षक रंजीत पासवान ने कहा कि पुलिया का जो हाल है उसे देखते हुए किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



**भारी वाहनों का परिचालन बंद हो : मिथिलेश**

स्थानीय युवक मिथलेश पासवान ने कहा कि इस जर्जर पुलिया पर प्रति दिन पत्थर व छरी लदा चार से अठारह चक्का वाले हाईवा गुजरता है। पुलिया की हालत को देखते हुए हाईवा के परिचालन पर रोक लगाई जानी चाहिए।



**बच्चों को पहले ही वाहन से उतार लेते हैं :चंद्रावती**

स्थानीय महिला चंद्रावती देवी ने कहा कि पुलिया की हालत को देखते हुए वह प्रतिदिन स्कूल जाने वाले अपने बच्चों को पुलिया के पहले ही वाहन से उतार कर घर लाती हैं।



**बगल में एक नया पुल बने : बुधनी देवी**

स्थानीय बुधनी देवी ने कहा कि इस पुलिया की तत्काल मरम्मत के साथ इसके बगल में नया पुल का निर्माण कराया जाना चाहिए।

---

### सत्संग महोत्सव में गुरु भाईयों का जुटान



**मेदिनीनगर।** केचकी स्थित डाक बंगला परिसर में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के अनुयायियों द्वारा वनभोज व सत्संग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में पलामू के विभिन्न प्रखंडों के गांवों से आये गुरु भाई उपस्थित हुये। धर्मेन्द्र दा के सामूहिक विनती प्रार्थना के पश्चात विभिन्न धर्मग्रंथों के पाठ एवं भजन कीर्तन से सारा परिवेश आनंद मुखरित हो गया। उन्होंने कहा कि कल-कल बहती केचकी संगम की धरती पर ठाकुर जी के बड़े पुत्र बाडदा जी 1975 में आज के दिन ही पलामू आये थे। जिसके उपलक्ष्य में पलामू ही नहीं पूरे भारत में वनभोज व सत्संग महोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित ऋत्विक ने कहा कि आज मानवता का ह्रास हो रहा है। जिसे संरक्षित करने की जरूरत है। इसके लिए गुरु ज्ञान बेहद जरूरी है। गुरु शिष्यों को सद्मार्ग दिखाते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को दीक्षा लेने की जरूरत है।

---

### नैक के लिये अग्रसारित नहीं होने से एनपीयू प्रशासन ने की कार्रवाई

# मां नगीना शाही कालेज की संबद्धता के दीर्घीकरण पर लगी रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नैक के लिये अग्रसारित नहीं होने के कारण नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने अपने अधीनस्थ मां नगीना शाही महाविद्यालय की संबद्धता के दीर्घीकरण से मना कर दिया है। गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी प्रखंड में स्थित यह कॉलेज भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के परिवार का बताया जा रहा है। एनपीयू के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय को निर्देशित किया है कि जो महाविद्यालय नैक के लिए अग्रसारित नहीं होते हैं। उन सभी महाविद्यालयों की संबद्धता के दीर्घीकरण को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाये। उसी आलोक में मां नगीना शाही कॉलेज की अस्थाई संबद्धता पर रोक लगायी गयी है। कॉलेज के प्राचार्ज को बता दिया गया है कि कॉलेज जब तक नैक के लिए अपनी कार्रवाई शुरू नहीं करता है। तब तक इस कॉलेज का दीर्घीकरण नहीं किया जा सकता है।

**गढ़वा जिले के नगर-ऊंटारी प्रखंड में स्थित है विधायक भानु प्रताप के परिवार का महाविद्यालय**



**सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में :** विवि द्वारा संबद्धता का दीर्घीकरण करने से इंकार कर दिये जाने से कालेज में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। बताते चलें कि इस कॉलेज में सत्र 2022-26 में 382 एवं सत्र 2023-27 में 203 छात्रों का नामांकन हुआ है। बताया जाता है कि समुचित भूमि नहीं हो पाने के कारण कॉलेज प्रबंधन नैक के लिए आवश्यक कागजातों को प्रस्तुत नहीं कर पा रहा है।

### थाना रोड में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को शहर थाना रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जेसीबी मशीन से सड़क पर अतिक्रमण का कारक बनी दुकानों को हटवाया गया। बताते चलें कि बड़ी मस्जिद के पास फुटपाथ पर मछली दुकान,चप्पल और कपड़ा के दुकानदारों के द्वारा सड़क की पटरियों पर ही दुकानें लगाई जा रही थी। इससे वाहनों के संचालन के साथ राहगीरों को भी आनेजाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। अतिक्रमण हटने के बाद अब सड़क चौड़ी हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत हो रही है।

---

### सभी बीमारियों में दी जा रही एक ही एंटीबाटिक, गंभीर मामलों में नहीं होती कारगर

# एमएमसीएच में दवाओं की किल्लत, निराश लौट रहे मरीज




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दवाओं का घोर अभाव है। ऐसे में मरीजों का कैसे इलाज हो यह बड़ी चुनौती बनी हुयी है। दवाओं के अभाव में मरीज बाहर से दवा खरीदने के लिये विवश हैं। संजय प्रजापति, प्रदीप पासवान, सविता देवी, अरुण कुमार आदि मरीजों का कहना है कि अस्पताल में जो दवायें हैं। उससे गंभीर मरीज ठीक नहीं हो सकते हैं। सामान्य रूप से दर्द, बुखार में प्रयोग होने वाली सामान्य दवायें ही अस्पताल में उपलब्ध हैं। अस्पताल आने वाले सभी मरीजों को एक ही एंटीबाटिक दिया जा रहा है, जो गंभीर बीमारियों में बिल्कुल भी कारगर नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में आर्थिक रूप से सक्षम मरीज खुद ही चिकित्सक से निवेदन कर बाहर से दवा लिखवा रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में तो तैनात डाक्टर यहां तक कह देते हैं कि बाहर की दवा न लिखे तो क्या करें। अस्पताल में अभी उपलब्ध दवा गंभीर मामलों में असरकारी नहीं है। ऐसे में मरीज की जान बचाने के लिये बाहर की दवा लिखना मजबूरी है। साथ ही चिकित्सक द्वारा लिखी सभी दवायें भी नहीं मिल पा रही हैं। गरीब मरीज पैसे की कमी के कारण बगैर दवा लिये ही घर वापस लौट जा रहे हैं। लोगों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

वर्जन..

कुछ दवाओं को छोड़कर अन्य दवायें अस्पताल में उपलब्ध हैं। शेष दवाओं को भी जल्द मंगाने की कोशिश की जा रही है।

**डा. डीके सिंह, अस्पताल अधीक्षक।**

---

# ऑनलाइन गेम में हारा तो रची अगवा होने की कहानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑनलाइन गेम में डेढ़ लाख रुपये हारने के बाद एक युवक ने अपहरण कर लूटपाट करने की झूठी जानकारी परिजनों से की। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो सच्चाई का खुलासा हुआ। मामला मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कनीराम चौक का है। बताया जाता है कि यहां के एक दुकानदार के पुत्र संदीप अग्रवाल सोमवार को ऑनलाइन कैसीनो खेलते हुए डेढ़ लाख रुपये हार गया। यह रुपये उसे दुकान के किसी कार्य के लिए दिया गया था। रुपये हारने के बाद युवक ने अपहरण और लूट की झूठी कहानी गढ़ दी। परिजनों को बताया कि लातेहार इलाके में उसका अपहरण कर लिया गया और फिर उसके साथ लूटपाट कर डेढ़ लाख रुपये छीन लिए गये। मंगलवार को पुलिस से जब शिकायत की गई तो जांच के दौरान दूसरी ही कहानी सामने आयी। पुलिस ने बताया कि परिजनों के डर से युवक ने मनगढंत कहानी गढ़ दी। युवक को शहर थाना लाकर पुलिस द्वारा जमकर फटकार लगाई गई।

### अबुआ आवास के लिए उमड़ी भीड़

**पाटन।** प्रखंड परिसर में अबुआ आवास को लेकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। दो दिन के लिए पोर्टल खुलने पर आवेदन करने से वंचित लाभुक आनन-फानन मे ब्लॉक पहुंचे। इस दौरान पोर्टल पर आवास के रजिस्ट्रेशन कराने के लिए लंबी लाइन लगी रही। इस भीड़ को देखते हुए आधा दर्जन कंप्यूटर ऑपरेटरों को लगाया गया था। इसके बाद भी शाम तक लोगों की लाईन लगी रही।

---

## समीक्षा

### प्रखंड अध्यक्षों की समीक्षा बैठक में कांग्रेस ने जिला प्रशासन से किया अनुरोध

# समस्याओं का जल्द करायें निराकरण

**राहुल गांधी की न्याय यात्रा में आम जनों की अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित कराने पर बल दिया**

**कांग्रेस की न्याय यात्रा देश से साम्प्रदायिक शक्तियों को उखाड़ फेंकने का काम करेगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में प्रखंड अध्यक्षों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पिछले माह आयोजित सरकार आपके द्वार व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी से आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आईं जन समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किया जाये। उन्होंने पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों को अपने-अपने प्रखंडों के बीडीओ से मिलकर जन समस्याओं के निराकरण में तेजी लाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा में आम जनों की अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित कराने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा देश से साम्प्रदायिक शक्तियों को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। मौके पर वरिष्ठ नेता ईश्वरी प्रसाद सिंह, सिद्धनाथ गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी, आशीष शुक्ला, महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, रविंद्र तिवारी, प्रमोद यादव, रंजीत पासवान, परवेज आलम, खुर्शीद आलम, विष्णुदेव यादव आदि मौजूद थे।



वार्ता करते जिला अध्यक्ष

---

### करर कला गांव में जल्द बनेगी सड़क: विधायक

**पाटन।** करर कला गांव में आयोजित विशेष आमसभा में पाटन-छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी ने जल्द गांव में सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार के साथ पहुंची विधायक को ग्रामीणों ने जब समस्या सुनाई तो मामले की गंभीरता को समझते हुये उन्होंने तत्काल उन्हें आश्वस्त किया। कहा कि गांव में सड़क निर्माण के साथ शिक्षा, पेयजल आदि समस्याओं का भी निराकरण किया जायेगा। आम सभा की अध्यक्षता बसंत चौधरी ने की। जबकि संचालन शैलेश मेहता ने किया। मौके पर जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, विधायक प्रतिनिधि अशोक छोटू उपाध्याय, कुंदन दुबे, रंजन उपाध्याय, अजीत मेहता, राजू माली,जितेंद्र सिंह मौजूद थे।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता आज से

**लोहरदगा।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय राज्य में विभागान्तर्गत संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रमण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता, 2023-24 के आयोजन स्थल बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रॉची में 10 एवं 11 जनवरी, 2024 को खेल विद्या एथलेटिक्स हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी, (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका), बैडमिंटन, (बालक) का प्रमंडल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागी खिलाड़ी तिथि एवं समय पर प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु ससमय प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी शिवेन्द्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी, रॉची 7428346594 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ईवीएम-वीवीपैट का प्रशिक्षण आज से

**लोहरदगा।** प्रखंड/नगर स्तर पर ईवीएम-वीवीपैट का प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। यह प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम अनुमंडल, नगर एवं प्रखंड के बूथ स्तर पर आयोजित किया जाएगा। सभी बूथों पर मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन भी जाएंगी। इस अभियान के दौरान नागरिकों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया, वीवीपैट आदि के बारे में विस्तार से व्यवहारात्मक जानकारी मिलेगी।

### यज्ञानुष्ठान व कंबल वितरण कार्यक्रम

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पुतरार में गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के सौजन्य से यज्ञानुष्ठान एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम आचार्य शरतचंद्र आर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने आहुति डाली। आर्य ने कहा कि यज्ञ सनातन परंपरा में सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ से केवल वातावरण ही शुद्ध नहीं होता, बल्कि मानसिक शुद्धि एवं आचरण शुद्धि का भी स्रोत है। मौके पर 50 ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुतरार ग्राम समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष देवदीप खेरवार, सचिव चंद्रमुनि उरांव एवं कोषाध्यक्ष के रूप में मारवाड़ी खेरवार को रखा गया तथा सात सदस्य चुने गए। मौके पर नितेश सिंह, सुखदेव मुंडा, रविंद्र कुमार, सुखनाथ नगेसिया, चंद्रनाथ खेरवार, सविता देवी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक भोजन में सभी ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### छात्रों ने विद्या केंद्र का किया अवलोकन

**भंडरा।** लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत राज विद्या केंद्र का परिभ्रमण कराया गया। प्राचार्ज डॉक्टर सुधांशु ने बताया कि राज विद्या केंद्र के परिभ्रमण के क्रम में छात्रों को राज विद्या केंद्र से संबंधित कई जानकारियां राज विद्या केंद्र के लोगों के द्वारा दी गई। इस क्रम में एक बड़े संस्था का मैनेजमेंट कैसे की जाती है इसके बारे में छात्रों को बताया गया। छात्र अन्य कई जानकारियां प्राप्त किये. इस क्रम में छात्रों को राज विद्या केंद्र के रसोई में भोजन भी कराया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विनीता कुजुर अजय कुमार, धर्मदेव प्रसाद, सावित्री साहू, रामजी साहू, दुर्गा कुमार, सीमा साहू, सुमन पांडे आदि मौजूद थे।

किस्को प्रखंड मुख्यालय में 20 सूत्री अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी की उपस्थिति में चुनाव

# सिद्धू-कान्हु खेल क्लब के अध्यक्ष बने मनौवर आलम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
किस्को प्रखंड मुख्यालय में 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी एवं प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी की उपस्थिति में सिद्धू-कान्हू खेल क्लब प्रखंड स्तरीय कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें ग्राम स्तरीय से निर्वाचित सदस्यों को प्रखंड कमेटी का गठन करना था, लेकिन आपसी सहमति नहीं बनने के कारण प्रखंड प्रशासन की ओर से चुनाव कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया। मनौवर आलम को 28 मत प्राप्त हुए और अर्जुन कश्यप को 21 मत मिले।

इस प्रकार मनौवर आलम 7 मत से अध्यक्ष पद में निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए टीम उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें दिल्लू उराव, नसीम अंसारी एवं इमरान खान शामिल हुए। उपाध्यक्ष पद में दिल्लू उरांव को 26 मत, नसीम अंसारी को 18 मत, इमरान खान को 5 मत प्राप्त हुए, जिसमें दिल्लू उरांव उरांव 8 मत से उपाध्यक्ष पद में निर्वाचित घोषित हुए। साथ ही सचिव पद के लिए 3 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमे जसीम अंसारी को 23 मत, आशीष कुजूर को 20 मत एवं मुदस्सिर आलम को 6 मत मिले। 3 मत से जसीम अंसारी निर्वाचित घोषित हुए। मौके पर सभी निर्वाचित पदाधिकारी को निर्वाचन प्रमाणपत्र दिया गया।

# स्कूलों में खेल सामग्री की आपूर्ति में घोर अनियमितता, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विद्यालय में खेल सामाग्री आपूर्ति में अनियमितता के संबंध में जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नेसार अहमद ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिल कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि सर्व शिक्षा अभियान, लोहरदगा के अन्तर्गत विद्यालयों में खेल सामाग्री के आपूर्ति में भारी अनियमितता बरती गई है।



जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशित आदेश को भी अन्देखा करते हुए अपने फायदे के लिए एक खास आपूर्तिकर्ता के बिल की फर्जी पर्ची में सी.आर.पी. के माध्यम से जबरन प्रभारी शिक्षकों से मोहर एवं हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। जो शिक्षक नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें धमकी भी दिया जा रहा है कि आपको नौकरी करना है या नहीं। शिक्षकों का कहना है कि आपूर्ति किये गए सामानों की गुणवत्ता बिलकुल ही निम्न स्तर की है। उक्त आपूर्ति के लिए फंड एसएनए अकाउंट में गया है। जिसका अभी तक जिला स्तर से विद्यालय के लिए पत्र भी निर्गत नहीं हुआ है। अगर हुआा भी है तो सिर्फ उस विशेष आपूर्तिकर्ता के पास ही है। अहमद ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि इस संबंध में संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जाँच कराई जाए। साथ ही दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य श्री अहमद को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# 'योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहा है केंद्र'

## विकसित भारत कार्यक्रम में पहुंचे सांसद सुदर्शन भगत




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम लोहरदगा सदर प्रखंड अंतर्गत निगनी पंचायत में आयोजित की गई। इसमें सांसद सुदर्शन भगत के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओम प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी गण, अंचल अधिकारी, पंचायत की मुखिया, समिति सदस्य आदि उपस्थित हुए।

इस मौके पर भगत ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे भारतवर्ष में क्रियान्वित की हुई हैं, जिनके लिए भारत की जनता विगत 70 वर्षों से आशान्वित थे। आज भ्रष्टाचार मुक्त केंद्र की सरकार ने सारी योजनाओं को जनता तक सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने का कार्य किया है। आयुष्मान भारत योजना से आज कई लोग अपनी जमा पूंजी को बचा पा रहे हैं। पीएम रिलीफ फंड से कई संक्रमित इलाजों में योगदान मिल रहा है। हमारे प्रदेश की कई जनजाति महान क्रांतिवीरों को भी अब जाकर न्याय मिला है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उनका आगमन जब भी झारखंड में हुआ है बड़े-बड़े सौगात प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम के पश्चात सड़क दुर्घटना में हुई मौत के पीड़ित परिजनों से घर पर जाकर सांसद ने की मुलाकात। उन्होंने घटना की सही जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर मनीर उरांव, महामंत्री - बालकृषणा सिंह, प्रखंड अध्यक्ष - सूरज कुमार दसौंधी, चन्द्रशेखर अग्रवाल, नीरज नलिन,अनिल उरांव, सामेला भगत,मिना बांग्ला, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, मनिष शिखर , सजल कुमार, विवेक चौहान, मुखिया मुन्नी उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी, अशोक उरांव, संदीप साहू, गौतम साहु, अजय साहु, पंकज साहु, संतोष साहू, हजारी उरांव, बजरंग साहू, संदीप साहू, गौतम साहू, अजय साहु, पंकज साहू, संतोष साहू,हजारी उरांव, बजरंग साहू, सहदेव उरांव, सहदेव उरांव ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनरेगा अंतर्गत लोहरदगा जिला में बागवानी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन हो गया। जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के वैज्ञानिक, डीआरडीए की सहायक तकनीकी पदाधिकारी सुनीता नीलमणि मिंज, जेएसएलपीएस बीपीओ सुनील राम रजक, मनरेगा सहायक अभियंता सुबोध कुमार सत्यम आदि द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रखडों से आये प्रतिभागियों को दी गई। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत अगले तीन माह के चिन्हित क्षेत्रों के बारे चर्चा की गई और जानकारी दी गई। बागवानी सखी के दायित्वों के साथ-साथ बागवानी सखी एप पर आंकड़ों को भरे जाने का तरीका बताया गया। साथ ही दीदी बगिया योजना व इसमें आंकड़ों के संधारण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बिरसा हरित ग्राम योजना का इतिहास, वर्षवार की स्थिति व उपलब्धि, वर्तमान की चुनौतियां, पौधरोपण के तरीकों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण अच्छी तरह प्राप्त करने और प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने का निर्देश दिया। बागवानी योजना में बेहतर संभावनाओं पर जोर दिया। प्रशिक्षण में प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय आजीविका एक्सपर्ट, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, बागवानी सखी, किसान आदि उपस्थित थे।

# कुएं में गिरकर डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**कुडू।** थाना क्षेत्र के ननतिलो नावाटोली गांव निवासी एतवा उरांव (56) की मौत कुएं में डूबने से हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची कुडू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया। मृतक एतवा उरांव शनिवार से लापता था। परिजन अपने स्तर से उसकी खोजबीन कर रहे थे। तभी सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे कुएं के बाहर उसका जूता देख लोगों को शक हुआ। कुएं में देखने पर उसका शव मिला।

# ग्रामीणों के बीच बांटी घरेलू उपयोग की वस्तुएं



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
सीआरपीएफ 218 बटालियन एफ कंपनी ने मंगलवार को चैनपुर थाना के सहयोग से लोरम्बा एवं डोका पाठ गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों के समक्ष कंबल, साड़ी, सोलर लाइट, खाद एवं बीज का वितरण किया। कमांडेड ने बताया कि सुदूर भारती क्षेत्र जंगल में जहां विकास योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंच रहे हैं वहां के लोगों को घरेलू आवश्यकता की वस्तुएं देकर लाभ पहुंचाना सीआरपीएफ की प्राथमिकता है। ग्रामीण हमें अपना दोस्त समझें और समाज में अशांति और दहशत फैलाने वाले देश एवं समाज के दुश्मनों के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहें। इस दौरान डोकापाठ, लुपुंग पाठ, बेसना पाठ, भेड़ियापाठ, लोरम्बा, महेशपुर, आदि गांव से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों को घरेलू उपयोग के समान पाकर चेहरे खुशी से खिल उठे। मौके पर उपस्थित चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने उपस्थित ग्रामीणों से नशा छोड़ने की अपील की।

# कुडू थाने के चौकीदार को दी गई भावभीनी विदाई



**लोहरदगा।** कुडु थाना के चौकीदार पति उरांव को कुडू थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी बिस्वजीत सिंह ने की। इसका संचालन चौकीदार पंचायत के प्रखंड अध्यक्ष राजू कुमार राम ने किया। इस मौके पर झारखंड राज्य वफादार चौकीदार पंचायत के संयुक्त सचिव व जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी, कुडु प्रखंड के प्रमुख मुन्नी देवी के अलावा थाना स्टाफ और थाना के चौकीदार आदि उपस्थित थे। वहीं पति उरांव चौकीदार को अंग वस्त्र झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत की ओर से देकर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी की ओर से कंबल देकर सम्मानित किया गया। वहीं झारखंड राज्य बाजार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने कहा कि हर सरकारी कर्मचारियों को इस प्रक्रिया से गुजरना है। मौके पर मालती देवी, अबुल खैर अंसारी, मुमताज अंसारी, सेरा उरांव, घनश्याम गोप, सुफेदा खातून, सोमा उरांव, नेजाम अंसारी, कलेसर महतो उपस्थित थे।

# माइनिंग प्लान बनाकर काम करें पट्टाधारी : डीजीएमएस



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पत्थर लीज खदानों में सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने और खनन कर्मियों के जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिला खनन कार्यालय में डायरेक्टर जनरल एंड माइंस सेफ्टी (डीजीएमएस) के डिप्टी डायरेक्टर आर सुधीर की अगुवाई में स्थानीय पत्थर लीज पट्टाधारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान पट्टाधारियों को पत्थर लीज खनन संबंधी नियमों व शर्तों का पाठ पढ़ाया गया। ईमानदारी और कड़ाई से खनन नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। स्थानीय पत्थर लीज खदानों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। माइंस सुरक्षा को लेकर अधिकारियों और पटाधारियों के बीच परिचर्चा की गई। इस मौके पर डीजीएमएस चाईबासा जोन के डिप्टी डायरेक्टर आर सुधीर कुमार ने कहा कि स्थानीय पत्थर लीज पट्टाधारी ईमानदारी से खनन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। नियम और शर्तों का उल्लंघन करने पर खनन पट्टा कैंसिल करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि खदान एरिया में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन करना जरूरी है। माइनिंग प्लान बनाकर काम करने से परिणाम बेहतर आएंगे। खदान एरिया में कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत होना जरूरी है। खनन कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच नियमित होनी चाहिए। खदान एरिया में कमियो की उपस्थिति रजिस्टर में प्रतिदिन दर्ज करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस मौके पर डीएमओ राजाराम प्रसाद ने भी पत्थर लीज पटाधारियों को कई नियम, शर्तों और तकनीक की जानकारी दी। कहा कि तकनीक व प्लान से पत्थर खनन करने से कर्मियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कहा कि पट्टाधारी समय पर राजस्व जमा करना भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर बालाजी स्टोन माइंस, भक्सो स्टोन डिपॉजिट के निजाम अंसारी, मनोज साहू, शरद चंद्र विद्यार्थी, मकसूद अंसारी आदि मौजूद थे।

**पहल** बीडीओ ने विभिन्न योजनओं की समीक्षा कर दी हिदायत

# पारदर्शिता के साथ लक्ष्य प्राप्त करें कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें मनरेगा अंतर्गत सिंचाई कूप, बिरसा हरित ग्राम योजना व नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए समय से सिंचाई कूप का कार्य शुरू करने, बागबानी योजनाओं के लिए गड्ढा खुदाई का कार्य हरहाल में पूरा करने का निर्देश दिया। प्रत्येक गांव में कम से कम पांच योजना चलाने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत जो भी मजदूर काम मांगे उसको अपने गांव में ही काम उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही समय पर मजदूरी भुगतान करने का निर्देश सभी रोजगार सेवकों को दिया गया। किसी भी परिस्थिति में मजदूरी भुगतान में विलंब नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखने की हिदायत भी दी गई। गैरमजरूआ जमीन पर मिश्रित फलदार पौधरोपण किया जाएगा। ब्लॉक प्लांटेशन, लीनियर प्लांटेशन किया जाएगा। साथ ही नालांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना के तहत टीसीबी निर्माण, फील्ड बड निर्माण, नाला का गहरीकरण व एलबीसीडी आदि योजना का निर्माण किया जाना है। खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान का निर्माण किया जाना है। सभी पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को पारदर्शिता के साथ कार्य करने व मानव दिवस के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के योग्य लाभुकों को पंजीकृत एक सप्ताह के अंदर करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 अबुआ आवास को मई तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, जेएसएलपीएस बीपीएम विजय प्रसाद, प्रखंड समन्वयक नितेंद्र कुमार, मनीष अग्रवाल, सहायक अभियंता तनुश्री कुमारी, जेई रविशंकर भगत, रेहान अंसारी, पंचायत सचिव तिवारी भगत, महिपाल भगत, बिरसमानी उरांव आदि उपस्थित थे।

# गुमला जिले में आज से शुरू होगा मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन अभियान

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। आज से जिले भर में मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन अभियान शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से मतदान प्रक्रिया के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन का परिचालन जिले के 3 विधान सभाओं के विभिन्न मतदान केंद्रों में 17 फरवरी तक किया जाएगा । जिला निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कुल 3 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3 एलईडी वैन का परिचालन किया जाएगा, प्रत्येक वैन में 1-1 ईवीएम एवं वीवीपैड उपलब्ध होंगे ईवीएम व वीवीपैट में मतदान की प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दी जाएगी। वैन जिले के विभिन्न पंचायतों में जाकर जिले के सभी 994 मतदान केंद्रों को कवर करेगी।


## कार्यालय- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**पत्रांक—10 दिनांक—06.01.2024**

**आम सूचना**

**(दर आमंत्रण सूचना)**

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक— 1631 दिनांक— 18.10.2023 के निदेशानुसार भारत सरकार शहरी एवं आवासन कार्यमंत्रालय के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023—24 में लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमें DAY-NULM के SEP घटक के तहत कुल 54 ऋण प्राप्त लाभुको को 06(छः) दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक ऐजेन्सी/ एन0 जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था इत्यादी दिनांक 12.01.2024 को कार्यालय अवधि तक नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में अपना दर (EDP प्रशिक्षण प्रति लाभुक) एवं संम्बंधित दस्तावेजों बंद लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नम्बर के साथ जमा करना सुनिशिचित करेंगें।

इच्छुक ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था इत्यादी को बंद लिफाफे में निम्न दस्तावेज जमा करना होगा।

01. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था का पंजीकरण/Affiliation।
02. Entrepreneurship Developnent/Traning Etc. का प्रशिक्षण देने का प्रयाप्त अनुभव हो।
03. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
04. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के अधिन्स्त कार्यरत ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
05. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रूम (हावादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
06. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
07. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को स्टेशनरी किट (पेन, पेंसील, रबर, कटर, चार्ट पेपर, स्केच पेन, डायरी/कॉपी इत्यादी) की व्यवस्था करनी होगी।
08. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को प्रत्येक बैच में अधिकतम 30—31 प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिक्षण देना होगा।
09. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादी में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अघोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10. ऐजेन्सी/एन0जी0ओं0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था का PPT Presentation दिनांक 17.01.2024 को किया जाऐगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

अधिक जानकारी हेतु नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR.NO.315464 Urban Development(23-24):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER NATIONAL HIGHWAY DIVISION, MEDININAGAR (ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT) GOVERNMENT OF JHARKHAND

**TENDER NOTICE No. :NH/MEDININAGAR/04/2023-24 Dated 08.01.2024**

In the name and on behalf of Government of Jharkhand State tenders are invited through E-tendering by the Executive Engineer, National Highway Division, South of PTC Ground, Medininagar PIN-822101 from the eligible contractors registered in appropriate class with the Government of Jharkhand (Roads Construction Department) or equivalent category. Detail of Works are as Follow:

| Sl. No. | Name of Work | Approximate value of work (₹) | Bid Security/EMD Amount (₹) | Cost Of Document (₹) | Time of Completion | Category of Bidder |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Repair work of Dando Bridge at Ch-158.200 km of NH-343 for the year 2023-24** | **96,82,985.97 F2 Form** | **1,94,000.00** | **10,000/-** | **4 Months** | **2** |

The tender notice and tender documents will be available on website https://eprocure.gov.in/eprocure/app from Dated: **18.01.2024 (10:00 AM)** and may be submitted/uploaded up to **31.01.2024 (5:00 PM).** All documents, Tender fees, Registration, EMD, Bank Solvency for current calendar year and other required Tender Documents shall have to be submitted duly scanned with online tender, without which the tender will not be opened. Last Date of submission of tender fees and other documents by Registered post A.D. or Speed Post or messenger **upto 2.00 PM of 02.02.2024** at **office of the Chief Engineer, NH Wing, RCD, Jharkhand, Ranchi-834004**. Tender of work will be opened at office of the Chief Engineer. N.H. Wing, Jharkhand, Ranchi on dated **02.02.2024 at 3:00 PM.** Bidders are requested to submit the evaluation statement as per sequence and in order to tender documents & submit one set of Hard Copy of Documents office of the Chief Engineer, NH Wing, RCD, Jharkhand, Ranchi-834004.

Bidders please note that 'Bid Security' has to be submitted in prescribed Performa only.

For further details visit us on above mentioned web site. Any Amendment /Corrigendum will be published on portal of https://eprocure.gov.in /eprocure /app only. Bidders will be bound to follow all Amendment/Corrigendum and requested to check portalhttps://eprocure.gov.in/eprocure/app on regular basis before the date and time of Submission.

**Executive Engineer,**
**National Highway Division Medininagar**

PR315468 (Road)23-24*D

# मीडिया से जन-जन तक पहुंचाएं पार्टी की विचारधारा : राजेश ठाकुर

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के प्रवक्ताओं के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को कार्यालय में मीडिया विभाग के नवनियुक्त प्रवक्ताओं की बैठक आयोजित की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने लोकसभा चुनाव-2024 एवं राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आप सभी नवनियुक्त प्रवक्ताओं पर पार्टी की विचारधारा को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मेदारी है। साथ ही झारखंड की महागठबंधन की सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किये गये विकास कार्यों को मजबूती के साथ आम लोगों के समक्ष रखना है। ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए आमजनता की समस्याओं से ध्यान भटका कर पूरे देश में एक सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है। हमारे समक्ष ये बहुत बड़ी चुनौती है कि हम किस तरह से समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आमजन के मुद्दों को मीडिया के समक्ष कैसे रखें।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को झारखंड प्रभारी करेंगे बैठक

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी । बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कमिटी के पदाधिकारियों, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष की अनिवार्य उपस्थिति निर्धारित की गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि राहुल गांधी 14 जनवरी को 6700 किमी. की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर की राजधानी इम्फाल से कर रहे हैं।

## राज्यपाल से मिले मरांडी राजनीतिक उथल-पुथल की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के जाने से पहले भी इस मुद्दे पर उन्होंने पत्राचार किया था। अभी फिर राज्यपाल से मुलाकात कर नए साल की बधाई दी और झारखंड की राजनीतिक उथल-पुथल पर बातचीत हुई। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन गांडेय विधानसभा में फिर से चुनाव करवाकर पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने आनन-फानन में गांडेय सीट खाली करवाया। इधर, जेएमएम ने चुनाव आयोग से चुनाव करवाने की सिफारिश भी कर दी है। लेकिन ऐसा संभव नहीं है।


## रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रेस क्लब रांची के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम विक्रांत चौक स्थित मस्जिद जाफरिया कैंपस में मंगलवार को किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, सचिव अमर कांत, उप सचिव रतन लाल, कोषाध्यक्ष कुबैर सिंह, सदस्य आलोक कुमार, अंजनी भईया, विजय कुमार, चंदन भट्टाचार्य, सौरभ शुक्ला, संजय सुमन, मोनू कुमार को सम्मानित किया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी को भी सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने सभी नवनिर्वाचित प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शॉल, माला, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौलाना सैयद तहजीबुल हसन ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करता है। मस्जिद में जहां इबादत की जाती है, वहीं समाज को जोड़ने भाईचारगी और मोहब्बत को आम करने की बात की जाती है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने कहा के कलम की ताकत समाज की गंदगी को तोड़ सकता है। यदि पॉजिटिव न्यूज लिखने लगे तो समाज के बिखराव को खत्म किया जा सकता है।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा कि प्रेस क्लब किसी मजहब, जाती, विशेष समाज का नहीं, यह पत्रकारों का है और सबका है। आज समाज में एजुकेशन की जरूरत है। इस पर मिलकर कार्य करेंगे।

## हमारी तैयारी राज्यवासियों के सम्मान को नेतृत्व देने की : सुदेश महतो




- आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने महानगर इकाइयों संग की बैठक
- निगम क्षेत्र के सभी 53 वार्ड के 15 लाख लोगों के दिल में बसना हमारा लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य एवं राज्यवासियों के सम्मान को नेतृत्व देने की है। सामूहिक नेतृत्व से महानगर को मजबूत और असंगठित लोगों को संगठित करना है। महतो हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को आयोजित रांची महानगर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में रांची महानगर के सभी इकाइयों के सभी सदस्य शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी 53 वार्ड के 15 लाख लोगों के दिल में बसना ही हमारा लक्ष्य।

## झारखंड प्रदेश राजद की बैठक 20 जनवरी को

**रांची।** झारखंड राजद के प्रदेश कार्यकारिणी और विस्तारित कमेटी की बैठक 20 को होगी। पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यालय में होने वाली बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड प्रदेश राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव सहित कई नेता शामिल होंगे।

---

### कार्यालय- जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा
Email id-lohardagadso@gmail.com

**सूचना**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल स्तरीय राज्य में विभागान्तर्गत संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओंके रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रमण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता, 2023–24 के आयोजन स्थल बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रॉंची में दिनांक 10 एवं 11 जनवरी, 2024 को खेल विद्या एथलेटिक्स हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी, (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका), बैडमिंटन, (बालक) का प्रमण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागी खिलाड़ी तिथि एवं समय पर प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु ससमय प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित करेगें। श्री शिवेन्द्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी, रॉंची मो0नं0– 7428346594 पर सम्पर्क कर सकते है।

जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 315530Lohardaga(23-24)#D

---

### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**शुद्धि - पत्र**

**PR.NO.-314336**

कार्यालय के ज्ञापांक 4643 दिनांक 23.12.2023 द्वारा निकाली गयी निविदा से में निम्नांकित संशोधन किया जाता है :–

| Sl. No. | Name of Work | Existing Clause in Technical Capabilities 1.1.2 | Corrigendum in Technical Capabilities 1.1.2 |
|---|---|---|---|
| 1 | Request for proposal for selection of consultants for preparation of detailed project report under medininagar municipal corporation (beautification of city, park, rejunevation of water bodies development of green spaces and construction of buildings/ nallahs/ roads and any other projects related to city. | The **Firm must be registered and operational in India since last 5 years** from the date of publish of this RFP and must remain operational thereafter. • | The Firm must be registered and operational in India since 2.5 to 5 years from the date of publish of this RFP and must remain operational thereafter. |

शेष शर्त यथावत् रहेगी।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 315516District(23-24)#D

---

### कार्यालय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 26–सिमरिया(अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र–सह–अनुमण्डल पदाधिकरी, सिमरिया।
*E-mail-sdosimaria-chatra@jharkhandmail.gov.in*

**आम सूचना :**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा का आदेश ज्ञापांक–04 / जि0 निर्वा0, दिनांक–02.01.2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार EVMs & VVPAT के जागरूकता कार्यक्रम के तहत् 26–सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अनुमण्डल कार्यालय, सिमरिया में EVM Demonstration Center (EDC) की स्थापना की गई है, जो दिनांक–10.01.2024 से लोकसभा आम चुनाव–2024 की घोषणा तक कार्यरत रहेगा। साथ ही 26–सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द, शिक्षण संस्थान / हाट–बाजार इत्यादि स्थलों पर EVM & VVPAT के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का संचालन Mobile Demonstration VAN के माध्यम से किया जाना है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम दिनांक–10.01.2024 से 23.02.2024 तक संचालित रहेगा।

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
26–सिमरिया(अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र
–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया।

PR 315489 (Election) 23-24 (D)

---

### Office of the Executive Engineer
**Road Construction Department, Road Division, Garhwa**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding (Very Short Term Tender)**
e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/45/2023-24 (3rd Call)
Date:- 08.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Improvement of Riding Quality work of Tildag More to Atola More road (Total Length -23.425 km.) under Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **10,65,20,332.00** (Rupees Ten crore Sixty Five Lac Twenty thousand Three hundred Thirty Two) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. **10,66,000.00** (Rupees Ten Lac Sixty Six Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 22-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 16-01-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in
©UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa.

PR 315507 Road (23-24)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/18/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत कोपे ग्राम बरवाडीह मोड़ से भटको मंदिर तक पथ निर्माण। | 3848300 | 77000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत कोपे ग्राम जगतु मुख्य पथ से खेल मैदान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4140300 | 82900 | 5000 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत रांकीकला ग्राम कुई में मध्य विद्यालय से ठेकही टोला तक पथ निर्माण। | 1166000 | 23500 | 2500 | 3 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत लाधुप ग्राम मनातु में आर0ई0ओ0 रोड़ से लेकर कुम्हार टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2496300 | 50000 | 5000 | 3 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत अक्सी ग्राम चेतमा में आर0सी0डी0 पथ चेतमा से चेतमा मिशन होते हुए नदी तक पथ निर्माण। | 8520700 | 170500 | 10000 | 3 माह |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड सरयू पंचायत चोरहा ग्राम लाई में सचिन उराँव के घर से मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 704200 | 14100 | 1250 | 3 माह |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ पंचायत मारंगलोईया ग्राम मारंगलोईया में तीन मुहान से माधी उरांव के घर होते हुए आँगनबाड़ी तक 850 मी0 पी0सी0सी0 पथ एवं 2 अदद् RCC Box Culvert निर्माण। | 6057000 | 121200 | 10000 | 3 माह |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ पंचायत मारंगलोईया ग्राम बिशुनपुर में अखरा से बलबल नदी तक 1300 मी0 पी0सी0सी0 पथ एवं 2 अदद् RCC Box Culvert निर्माण। | 9997200 | 200000 | 10000 | 3 माह |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ पंचायत मारंगलोईया ग्राम मारंगलोईया में बथान टांड़ से छठ घाट तक 400 मी0 पी0सी0सी0 पथ एवं 1 अदद् RCC Box Culvert निर्माण। | 3416900 | 68500 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.01.2024 से दिनांक 31.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 315471 Rural Development(23-24)D

---

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.
### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/12/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 17.01.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 18.01.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 18.01.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of S.D.P.O Bishrampur Residence and Barrack at Irrigation Colony, Daltonganj, Palamu. | 1966600.00 | 39500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Public Toilets, Remaining Boundary Wall, Septic Tank and Paver Block Block Work at Padma in the Campus of Ayush Hospital Padma, Manatu, Palamu. | 2462600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 3. | Construction of P.C.C Road Railway Fatak to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Tolra Under Block - Bishrampur, Palamu | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 02 Month |
| 4. | Construction of P.C.C Road Babalu Prasad Saw House To Panchayat Bhawan, Panchayat-Sushiganj Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 5. | Construction of P.C.C Road, Udaygarh Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat – Bagaiya Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 6. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Nawakhas Under Block – Patan, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 7. | Cnstruction of 400 Fit, PCC Road, Main Road to Building Division Office at Datonganj, Palamu. | 1659300.00 | 33500.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 8. | Construction of P.C.C Road, Middle School Kaurhiya to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Kaurhiya Under Block – Sadar Medininagar, Palamu.. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Month |
| 9. | Renovation of Boundary Wall, Laying of Paver Block, Bore Well and PHE Work for Chhattarpur Stadium at Chhattarpur, Palamu. | 2269300.00 | 45500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 10. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat–Palhe Kala Under Block–Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Month |
| 11. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Haratua Under Block Nilamber-Pitambarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 45 Days |
| 12. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Pakariya Under Block Panki, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 45 Days |
| 13. | Renovation of Main Entrance Building & Audience Sitting Gallery of Chhattarpur Stadium at Chhattarpur, Palamu. | 2296100.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 14. | Construction of P.C.C Road, Ashok Saw House to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Karso Under Block Chainpur, Palamu. | 592700.00 | 12000.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 15. | Construction of P.C.C Road, Arjundih Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat- Kaual Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 45 Days |
| 16. | Construction of P.C.C Road, Main Road Kawal to Panchayat Bhawan, Panchayat- Kawal Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 45 Days |
| 17. | Renovation of Executive Engineer Residence of Building Division, Daltonganj, Palamu. | 811900.00 | 17000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 18. | Construction of P.C.C Road, Panchayat Parikshan Kendra, Vill-Barkinevi, Panchayat-Sarja Under Block-Medininagar, Palamu., Panchayat- Sildag Under Block Chhattarpur, Palamu. | 1515300.00 | 30500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 19. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Jaghansi Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 20. | Construction of P.C.C Road, Ashok Yadav House to Panchayat Bhawan, Panchayat- Kalapahar Under Block Chhattarpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 21. | Construction of P.C.C Road, Aahar Tola School Bohita to Panchayat Sachiwalay, Panchayat- Bohita Under Block Satbarwa, Palamu. | 1039800.00 | 21000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 22. | Repair of Classroom Floor of Rajkiye High School (Kendriya Vidyalay) Vill-Chainpur, Panchayat-Chainpur, Block-Chainpur, Palamu. | 514800.00 | 10500.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 23. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Darudih Under Block – Nilamber-Pitamberpur, Palamu | 1185500.00 | 24000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 24. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Juru Under Block – Nilamber-Pitamberpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Month |
| 25. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Naudiha Under Block – Nilamber-Pitamberpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Month |
| 26. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Samudayik Bhawan Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Lotaniya Under Block - Hussainabad, Palamu | 1185600.00 | 24000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 27. | Construction of P.C.C Road, Main Road Dangwar To Panchayat Bhawan, Panchayat-Belbigha Under Block – Hussainabad, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 28. | Construction of P.C.C Road, Pani Tanki Jond to Panchayat Sachiwalay through Baldev Singh House, Panchayat – Dulsulma Under Block – Satbarwa, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 29. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Meral Under Block – Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 30. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Rudidih Under Block – Patan, Palamu.. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 31. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat–Kaswakhar Under Block–Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 32. | Construction of P.C.C Road, Main Road Saraswa to Panchayat Bhawan, Panchayat – Chiru Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 45 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 315558 Building(23-24)D

**ये हम इंसानों की ही सोच है कि कोई अकेला क्या कर सकता है पर देख जरा उस सूरज को वो अकेला ही चमकता है: अज्ञात**

# क्रिप्टो में करोड़पति बनने के नाम पर लुटते लोग

***क्रिप्टो*** करेंसी या आभासी मुद्रा मेन निवेश के नाम पर पैसे को चौगुना और पांच गुना करने का लालच देकर ठगी का नया धंधा शुरू हुआ है, अभी पकड़े गए लोगों में झारखंड का नाम नहीं आया है पर झारखंड का जामताड़ा, देवघर और गिरिडीह इसके लिए कुख्यात है । क्रिप्टो के जरिये ठगी का शिकार बनने वाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे होते हैं। इन ठगों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसका संचालन भारत से किया जा रहा है। ठगी के लिए टेलीग्राम या व्हाट्सएप ग्रुप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि क्रिप्टो से की जा रही ठगी में ज्यादातर चीनियों की संलिप्तता है। क्योंकि वहां 2016 की तुलना में 2023 में कामगारों के वेतन में उल्लेखनीय कमी आई है, साथ ही, बेरोजगारी भी बढ़ रही है। क्रिप्टो करेंसी एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है, इसका लेन-देन दूसरी मुद्राओं की तरह वैधानिक नहीं है। इस पर नियंत्रक का किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं होता है। इसके अधिकांश उपयोगकर्ता गुमनाम रहकर इसका लेन-देन करते हैं। बिटक्वाइन, कारडानो, इथेरियम, रिपल, लिटेक्वाइन, स्टीम, डैश, डोजेक्वाइन आदि क्रिप्टो करेंसीज हैं। इनमें बिटक्वाइन सबसे लोकप्रिय है। यूरो, अमेरिकी डॉलर, पाउंड आदि की तुलना में क्रिप्टो करेंसी के मूल्य में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

> **क्रिप्टो के जरिये ठगी का शिकार बनने वाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे होते हैं। इन ठगों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसका संचालन भारत से किया जा रहा है। ठगी के लिए टेलीग्राम या व्हाट्सएप ग्रुप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि क्रिप्टो से की जा रही ठगी में ज्यादातर चीनियों की संलिप्तता है। क्योंकि वहां 2016 की तुलना में 2023 में कामगारों के वेतन में उल्लेखनीय कमी आई है, साथ ही, बेरोजगारी भी बढ़ रही है। क्रिप्टो करेंसी एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है, इसका लेन-देन दूसरी मुद्राओं की तरह वैधानिक नहीं है।**

क्रिप्टो से ठगी में पहले ऐप या पोर्टल पर निवेशकों का खाता खुलवाया जाता है। शुरू में निवेशकों द्वारा निवेश की गई छोटी रकम को दोगुना या तिगुना कर दिया जाता है। भरोसा जीतने के बाद निवेशकों को बड़ी रकम जमा करने को कहा जाता है। जैसे ही निवेशक वॉलेट में बड़ी रकम जमा करते हैं, उसे तुरंत दूसरे खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है या फिर होल्ड लगा दिया जाता है। आम तौर पर ठगी गई रकम विदेश भेज दी जाती है। ऐसे लोग धन शोधन और काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेरेरिज्म में भी लिप्त होते हैं। भारतीय ?वित्त मंत्रालय ने बाइनेंस समेत कई दोषी क्रिप्टो एक्सचेंज को इस मामले में नोटिस दिया है ।ठगी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे यूआरएल को ब्लॉक करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। अपने यहां क्रिप्टो के जरिये साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी सीएफटी और धनशोधन जैसी वारदातों को भी अंजाम दिया जा रहा है। क्रिप्टो करेंसी की बढ़ती लोकप्रियता ने गैरकानूनी चीजें खरीदने में इसके प्रयोग को बढ़ावा दिया है क्योंकि इसका सरकारी रिकॉर्ड नहीं रखा जाता । वैश्विक ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म चेन एनालिसिस के अनुसार, क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन के मामले में अमेरिका के बाद ब्रिटेन, तुर्किये और रूस को पीछे छोड़ते हुए भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी के कॉइनडीसीएक्स, कॉइनस्विच, वजीरएक्स, बाययूकॉइन, जेबपे, गियोटस, उनोकॉइन आदि एक्सचेंज अपना परिचालन कर रहे हैं। क्रिप्टो एक्सचेंज स्टॉक एक्सचेंज की तरह निवेशकों को डिजिटल मुद्राओं में खरीदने-बेचने में मदद करता है।

इन दिनों

# भारतीय कृषि का 'ड्रोन क्षण'





डॉ. मनसुख मांडविया

***पंजाब*** के हरे-भरे खेतों की हरियाली से गुजरते हुए, मेरा ध्यान कहीं दूर गूंजती एक आवाज ने आकर्षित किया। स्वाभाविक मानवीय जिज्ञासा हुई कि इस आवाज का स्रोत क्या है। उतरते ही मेरा स्वागत दो किसानों ने किया। वे ड्रोन के जरिये नैनो यूरिया का छिड़काव कर रहे थे। देश के एक ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा एक नई तकनीक को इतने उत्साहपूर्वक स्वीकार किये जाने को देखकर मुझे सुखद अनुभूति हुई। मुझे लगा कि यह भारत के कृषि क्षेत्र के लिए वह 'ड्रोन क्षण' था, जिसने हमारे देश में 'ड्रोन आंदोलन' की शुरूआत की। किसानों ने मुझे बताया कि उन्हें कृषि-ड्रोन के बारे में जानकारी उनके गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान मिली और यह नई तकनीक उनके खेतों में सबसे कुशल तरीके से तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए बेहद उपयोगी है। भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है। हैंड पंपों के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के थकाऊ और समय लेने वाले हाथ से छिड़काव के दिन चले गये। अब इसकी जगह ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की अधिक कुशल और उत्पादक तकनीक ले रही है। कृषि क्षेत्र की दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि पद्धतियों का आधुनिकीकरण आवश्यक और अपरिहार्य है ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, जो कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का एक महत्वपूर्ण तत्व है। 1960 के दशक की हरित क्रांति में नये कृषि उपकरण, एचवाईवी (उच्च उत्पादकता किस्में) बीज, कीटनाशक और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की शुरूआत देखी गई। पिछले कुछ वर्षों में हमारे पर्यावरण, मिट्टी के स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता की दीर्घकालिक स्थिरता बनाये रखने के लिए, उर्वरकों के अधिक संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता महसूस की गई। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका आह्वान 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किया। इससे प्रेरित होकर सरकार ने जैव, नैनो और जैविक उर्वरक जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम और गोबरधन जैसी कई पहल शुरू की हैं। इन नई पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और किसानों को एक ही छत के नीचे एकीकृत समाधान प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) की स्थापना की गई है। स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरक बेहतर हैं क्योंकि वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। अब पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की जगह नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल ने ले ली है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाये रखने और फसल की उपज में सुधार करने में सहायता मिल रही है। साथ ही बेहतर पोषक तत्व उपयोग दक्षता और आसान प्रबंधन जैसे कई फायदे भी हैं। इसकी व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में अगली चुनौती कुशल अनुप्रयोग प्रणाली की एक विधि विकसित करना, आसानी से अपनाने के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण करना और कृषक समुदाय को लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करना था। भारत के युवा और गतिशील स्टार्टअप्स द्वारा किसान ड्रोन का विकास तरल उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए एक प्रभावी और कुशल तकनीक प्रदान करता है। मिनटों में एक एकड़ कृषि भूमि पर छिड़काव करने की क्षमता अपने खेतों में घंटों मेहनत करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हुई। अपने पास अधिक खाली समय होने से, किसान अपनी कमाई बढ़ाने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक उत्पादक कार्यों में लग सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान नमो ड्रोन दीदी का प्रारंभ स्वयं किया। इसका उद्देश्य आसान वित्तीय समाधान प्रदान करके कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराना है। इसके लिए नमो ड्रोन दीदी के तहत 15,000 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान किया जा रहा है। यह अनूठी पहल न केवल किसानों को तरल उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन आसानी से उपलब्ध करायेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान देगी। यह भारत के ड्रोन वैमानिकी को बढ़ावा देगा और ड्रोन निर्माण स्टार्टअप को विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में मदद करेगा। यह देश के दूरदराज के इलाकों में ड्रोन पायलटों और ड्रोन मैकेनिकों के लिए रोजगार उद्यम बनाकर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ायेगा और साथ ही ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। प्रभावी संवाद किसी भी नई पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। 15 नवंबर, 2023 से शुरू हुई देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन एक प्रमुख आकर्षण बन गये हैं। यात्रा के दौरान सभी राज्यों में 50,000 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन हुए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के भीतर अपनी खेती में इस नई उच्च स्तर तकनीक को अपनाने के लिए रुचि जगाई है।

> **भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है। हैंड पंपों के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के थकाऊ और समय लेने वाले हाथ से छिड़काव के दिन चले गये। अब इसकी जगह ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की अधिक कुशल और उत्पादक तकनीक ले रही है।**

**(केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री)**

## आपकी बात

### समाजसेवी की पहल

भवनाथपुर पंचायत के ढेकुलिया टोला में पिछले दिनों हुई बारिश से रास्ता खराब होने से परेशानी को देखते हुए समाजसेवी अखिलेश विश्वकर्मा ने अपने खर्च पर रास्ता को बनवाया। ग्रामीण अमलेश गुप्ता, विफन राम, अशोक कुमार, विक्की तिवारी, पप्पू तिवारी, अजय तिवारी, शंकर राम, शंभू राम, उमेश विश्वकर्मा, सुशील तिवारी ने बताया कि जब से बारिश हुई है हमलोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं एक वृद्ध के फिसल कर गिरने से पैर भी टूट गया। मुखिया मद से फेवर ब्लॉक पास हुआ है। संवेदक द्वारा सिर्फ एक दिन दो घंटा जेसीबी लगा कर मिट्टी को कोड़ कर छोड़ दिया गया है। मिट्टी कोड़ कर बराबर करने से बारिश हुआ तो रास्ता और खराब हो गया है। हमलोगों के परेशानी की जानकारी लेने वाला न तो प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा से कीचड़ युक्त हुए सड़क की जानकारी दी। उक्त संबंध में मुखिया बेबी देवी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या देखते हुए ही फेवर ब्लॉक रोड पास किया गया था लेकिन संवेदक द्वारा काम नहीं किया गया। उसकी जांच की जाएगी। **- अशोक कु. भवनाथपुर**

### नाली के गंदगी से लोग परेशान

हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत मिश्रा कॉलोनी का रास्ता पूरी तरह से नाली में तब्दील हो चुका है। सड़क पर ही नाली का पानी बहने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शशि मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार, बिट्टू कुमार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, ओम प्रकाश मिश्रा, जयराम साव, संजय मिश्रा आदि ने बताया कि यह रास्ता बाजार से मिश्रा कॉलोनी होते हुए टंडवा की ओर जाता है। 24 घंटे रास्ते पर आवागमन बना रहता है। ऐसे में पानी भरे होने से नागरिकों का चलना दूभर हो गया है। जन समस्या को देखते हुये युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर इस समस्या से नगर पंचायत को अवगत कराया है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण कई बाद स्कूल जाने वाले बच्चे गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इसके साथ ही पानी का छींटा पड़ने से राहगीरों के कपड़े भी बदरंग हो चुके है। व्यापक जन समस्या को देखते हुये इस समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाना आवश्यक है। इस संबंध में संबंधित विभाग को अवश्य से विचार करना चाहिये। यह सिर्फ मोहल्ले का ही समस्या नहीं है। प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण दूरदराज के नागरिकों का भी इस सड़क से निरंतर आवागमन होते रहता है।

**- राजेश शर्मा, हरिहरगंज**

आध्यात्म

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा श्रीराम मंदिर




प्रो. संजय द्विवेदी

***आज*** पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत, पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे, लेकिन आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। श्रीराम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है। अयोध्या यानी वह भूमि जहां कभी युद्ध न हुआ हो। ऐसी भूमि पर कलयुग में एक लंबी लड़ाई चली और त्रेतायुग में पैदा हुए रघुकुल गौरव भगवान श्रीराम को आखिरकार छत नसीब होने वाली है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझाकर मुद्दे में तब्दील कर देती है, रामजन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आजादी मिलने के समय सोमनाथ मंदिर के साथ ही यह विषय हल हो जाता तो कितना अच्छा होता। आक्रमणकारियों द्वारा भारत के मंदिरों के साथ क्या किया गया, यह छुपा हुआ तथ्य नहीं है। किंतु उन हजारों मंदिरों की जगह, अयोध्या की जन्मभूमि को नहीं रखा जा सकता। एक ऐतिहासिक अन्याय की परिणति आखिरकार ऐतिहासिक न्याय ही होता है। यह बहुत संतोष की बात है कि भारत की न्याय प्रक्रिया के तहत आये फैसले से मंदिर का निर्माण संपन्न हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अर्थ में गौरवशाली हैं कि उनके कार्यकाल में इस विवाद का सौजन्यतापूर्ण हल निकल सका और मंदिर निर्माण हो सका। इस आंदोलन से जुड़े अनेक नायक आज दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति आती है। मुझे ध्यान है उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नेता और मंत्री रहे दाऊदयाल खन्ना ने मंदिर के मुद्दे को आठवें दशक में जोरशोर से उठाया था। उसके साथ ही अशोक सिंघल जैसे नायक का आगमन हुआ और उन्होंने अपनी संगठन क्षमता से इस आंदोलन को जनांदोलन में बदल दिया। संत रामचंद्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ जैसे संत इस आंदोलन से जुड़े और समूचे देश में इसे लेकर एक भावभूमि बनी।

> **एक समय था जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे, लेकिन आज श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण होने जा रहा है। श्रीराम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारत में फिर से श्रीराम बिराजें- 03

## !!विराट के आरोहण में राम !!



डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***अस्तित्व*** के अनंत हाथ हैं। हम सब उसकी कठपुतलियां हैं। वह जैसा चाहता है, वैसा कराता है और वैसा ही हमें बनाता हैं। अज्ञानी को ठोकर लगने पर क्षोभ प्रकट करता है, ज्ञानी को चोट लगता है, तो प्रभु को धन्यवाद देता है। जगत की गति और अवरोध से मूढ़ दुख उठाता है, ज्ञानी इस प्रपंच पर हंसता हैं और कर्म करता है। ज्ञानी प्रभु के अलावा कुछ और क्यों सीखना चाहेगा? घास से लेकर चींटी तक जो सांस लेती है, जो भी चलती-फिरती सत्ता है, जो भी अचल रहता है, सबको सितारों की ऊंचाई तक आरोहण में राम का नाम चाहिए। जीवन तो साधारणतः व्यर्थ ही जाता है। लाख में एकाध व्यक्ति का जीवन सार्थक होता है, जबकि सभी का जीवन सार्थक हो सकता है। हम राम को विस्मरण कर देते हैं, जबकि वह हमारा स्मरण रखता है। उसका स्मरण जब वाल्मीकि का जीवन सार्थक कर सकता है, तो हमारा क्यों नहीं ? हम उसके ही अंग है। उसकी ही किरणें हमपर है। हम उस दीये की किरणें को नहीं देखते हैं, सूरज की चाहत होती है। सूरज देख नहीं सकते और किरण देखना नहीं चाहते हैं। हमारा अस्तित्व ही उपेक्षा से भरा है। अगर प्रेम से भर जाय तो सियाराम मय सब जग जानी की स्थिति हो जाय। आज भारतवर्ष में कोई रामलला के लिए चरणपदुका बना रहा है, कोई घंटी, कोई ताला, कोई घी की व्यवस्था में लगा है, कोई कपड़ा सिलाई कर रहा है। समूचा भारत उनके नाम और काम से स्पंदित है। अगर हम उसकी विराटता से विमुख है, तो वह हमारे जीवन में कैसे आयेंगे? हमारे जीवन का घड़ा उल्टा पड़ा है और हम कहते हैं कि यह राम कौन है? लक्ष्मण को भी प्रभु जब रावण के समक्ष ज्ञान के लिए भेजा, तो उनको भी लगा था कि यह क्या सीखा पायेंगे? बाद में लघुता के बोध से उनको प्रभुता की अनुभूति हुई। हम लघु बनना जानते नहीं, तो विराट का आरोहण होता नहीं। मनुष्य देह है। यह देह सत्य है। लेकिन यह देह ही सत्य नहीं है। उसके अंदर जो आत्मा है, वह परम सत्य है। मनुष्य इस देह और आत्मा का जोड़ है। इसको जोड़ने वाले रसायन का नाम राम है। राम उसी मनुष्यता की क्षितिज है। इस देह का बीज नाम राम है। बीज जब तक फूल नहीं बने, सुगंधि नहीं फैले, तब तक उसकी सार्थकता नहीं है। देह भी जब विराट के साथ आरोहण नहीं करे, तबतक रामत्व का सुगंध नहीं मिलता है।

> **जीवन तो साधारणतः व्यर्थ ही जाता है। लाख में एक व्यक्ति का जीवन सार्थक होता है, जबकि सभी का जीवन सार्थक हो सकता है। हम राम को विस्मरण कर देते हैं, जबकि वह हमारा स्मरण रखता है।**



बोधि वृक्ष

# समुद्र मंथन की कथा

7.चन्द्रमा को जल का कारक ग्रह माना गया है। चन्द्रमा की उत्पत्ति भी समुद्र मंथन से हुई जिसे भगवान शंकर ने अपने मस्तक पर धारण किया।

8. शंख - शंख को विजय का प्रतीक माना जाता है। हिन्दू धर्म में शंख का बहुत महत्व है।

9.कौस्तुभ मणि - समुद्र मंथन से निकले इस दुर्लभ मणि को भगवान विष्णु ने धारण किया।

10.अप्सरा - समुद्र मंथन से अप्सराएं निकलीं जो अत्यंत सुन्दर और मनभावन थी। रम्भा देवलोक की प्रमुख अप्सराओं में से एक थी।

11.वारुणी - ये एक प्रकार की मदिरा थी जिसे दानवों ने रख लिया।

12. पारिजात - पारिजात या हरश्रृंगार को स्वर्ग का फूल भी कहते हैं, यह भी समुद्र मंथन से निकला था। भगवान शिव को इसके फूल अत्यंत प्रिय हैं।

13. भगवान धन्वन्तरि-धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक थे और इन्हें आयुर्वेद का जनक भी माना जाता है।

14. अमृत - धन्वन्तरि देव अपने हाथों में अमृत लिए समुद्र से प्रकट हुए। अमरत्व प्रदान करने के साथ-सा अमृत में सभी प्रकार के रोग और शोक का नाश करने की क्षमता भी थी।

**भगवान विष्णु का मोहिनी अवतार**

अमृत के लोभ में ही असुर समुद्र मंथन के लिए तैयार हुए थे तो जब समुद्र से अमृत लिए धन्वन्तरि निकले तब असुरों के धैर्य की सीमा टूट गई और वे धन्वन्तरि से अमृत छीनने की कोशिश करने लगे। धन्वन्तरि से अमृत छीनने के बाद अपने तमो गुण प्रधान स्वभाव के कारण असुर आपस में ही अमृत पहले पीने के लिए लड़ने लगे पर कोई भी अमृत पी नहीं सका। ये देखकर देवताओं ने भगवान विष्णु से सहायता का अनुरोध किया। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

जिस तरह मैक उपयोगकर्ता "Cmd + Shift + J" टाइप करके डाउनलोड पेज तक पहुंच सकते हैं, उसी तरह विंडोज उपयोगकर्ता भी "Ctrl + J" दबाकर ऐसा कर सकते हैं। विंडोज उपयोगकर्ताओं को इतिहास पृष्ठ तक पहुंचने के लिए "Ctrl + H" का उपयोग करना चाहिए, जबकि मैक उपयोगकर्ताओं को "Cmd + Y" दबाना चाहिए। उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है, "Ctrl + L" दबाने से उपयोगकर्ता तुरंत खोज बॉक्स पर पहुंच जाते हैं और छोटे कमांड टाइप करना आसान हो जाता है। विनडो + डीः यह आपके डेस्कटॉप पर कितने भी टैब और विंडो खुले होने के बावजूद आपको डेस्कटॉप को एक साथ छिपाने या दिखाने में मदद करता है। स्पेसबारः यह आपको स्क्रॉल करने की अनुमति देता है।



**6. जीमेल पर ईमेल अनसेंड करने का समय बढ़ाएँ**

जीमेल में सेंड को पूर्ववत करने से उपयोगकर्ताओं की जान बच सकती है, खासकर जब उन्हें पता चलता है कि उन्होंने गलती से कुछ भेज दिया है। डिफॉल्ट रूप से ईमेल भेजे जाने के बाद 'अनडू सेंड' बटन केवल पांच सेकंड के लिए दिखाई देता है, जो कुछ उपयोगकर्ताओं के लिए पर्याप्त लंबा नहीं हो सकता है। अच्छी खबर यह है कि डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं के लिए जीमेल अब उपयोगकर्ताओं को पूर्ववत भेजें विंडो को बड़ा करने की अनुमति देता है। जीमेल में ऐसा करने के लिए, ऊपरी दाएं कोने में गियर प्रतीक पर क्लिक करके सेटिंग मेनू से 'सभी सेटिंग्स देखें,' चुनें। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### आंगनबाड़ी में नहीं मिला एक भी बच्चा, सेविका-सहायिका पर गाज

**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय लात पंचायत के दौरे के क्रम में मंगलवार को दोपहर 12बजे लात पंचायत के गासेदाग आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया निरीक्षण किया। इस दौरान एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। सेविका सुनीता कुमारी अकेले जमीन पर बैठी मिली, जबकि सहायिका भी अनुपस्थित पाई गई। बीडीओ ने जांच में पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को कुछ मिलता ही नहीं है। ऐसे में बच्चे इस केंद्र में नहीं पहुंचते। बीडीओ ने बताया कि सेविका एवं सहायिका की लापरवाही एवं मनमानी पर उपायुक्त से उनके निलंबन की अनुशंसा की गई है। मौके पर पूर्व मुखिया जग सहाय सिंह मौजूद थे।

### जायरीन हुए रवाना

**महुआडांड़।** ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह अजमेर शरीफ के लिए जायरीनों का जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। जामिया नुरिया ज्याउल इस्लाम व गौसिया मस्जिद के तलबा व यहां लोगों के द्वारा जायरीनों को रवाना किया गया। यह जायरीनों का जत्था डिपाटोली निवासी सेराजउद्दीन की अगवाई में हर वर्ष जाता है। मौके पर नसीर मियां, शहंशाह खान, अयूब अंसारी, रकीब अंसारी, सकीर हव्वारी, सेराज खान, मकसूद अंसारी मदीना बीबी समेत 41 महिला पुरुष शामिल हैं।

### बरवाटोली में विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

**चंदवा।** प्रखंड की बरवाटोली पंचायत में मंगलवार को हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव, बरवाटोली मुखिया शंकुतला देवी, भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल उपाध्यक्ष जयराम साहू ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुखिया पति संतोष उरांव, ग्रामीण राजेश तुरी, अनंदु महतो, उप मुखिया परमेश्वर यादव, अनित सिंह, युगल किशोर महतो, मनोज महतो, उषा देवी, पूनम देवी, बिमला देवी, रूपलाल यादव, पप्पू राम आदि मौजूद थे।

### सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटी सामग्री

**कुंदा।** 190वीं बटालियन ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित कोजरम, बलही, हिंदयाकला समेत अन्य गांवों में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिविर का आयोजन कर सैकड़ों ग्रामीणों के बीच दैनिक उपयोगी सामग्री का वितरण किया। वही मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपचार के साथ दवाईयां भी दी गई। इसके साथ ही बच्चों के बीच स्कूल बैग, कॉपी, कलम, फुटबॉल, बॉलीबाल का वितरण किया गया। मौके पर सीआरपीएफ के सीएमओ डॉ. जगत आनन्द सुरीन, समवाय अधिकारी चौधरी कलीम उल्ला, सहायक कमांडेंट अजित कुमार, थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, मुखिया अनिता देवी, पंसस दिव्या भोक्ता, अखिलेश प्रसाद यादव, आदि मौजूद थे।

### भामसं कल देगा धरना

**टंडवा।** भारतीय मजदूर संघ की बैठक मंगलवार को आम्रपाली कोल परियोजना कार्यालय के समक्ष हुई। क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह ने बताया कि मांगों को लेकर 11 जनवरी को महाप्रबंधक कार्यालय के समीप धरना देने का निर्णय लिया गया है।

# हाथियों ने तीन घरों को तोड़ा टमाटर-गन्ने की फसलें रौंदी

## टोंटी व अमरवाडीह पंचायत में हाथियों ने मचाया उत्पात, लाखों की क्षति



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार आधी रात को टोंटी व अमरवाडीह पंचायत में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज व घरेलू सामान को बर्बाद कर दिया एवं दो किसान की टमाटर व गन्ना की खेती को रौंद दिया। इससे लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

जानकारी देते हुए पीड़ित किसानों टोंटी पंचायत के टुंडाहुटू ग्राम के पतरा टोला निवासी विक्रम टाना भगत एवं अमरवाडीह पंचायत के रहिया ग्राम के ढेकी टोला निवासी जुगेश्वर लोहरा व मंगरू टाना भगत ने बताया कि हम सभी अपने-अपने घर में सो रहे थे कि मध्य रात्रि में हाथियों का एक झुंड पहुंचा और घर के पीछे की दीवार गिराने लगा। आवाज सुनकर उठा और अपने बच्चों एवं परिवार के सभी सदस्यों को किसी तरह घर से बाहर निकला। इसके बाद गांव वालों को जगाया, लेकिन तब तक हाथियों ने घर में रखे चावल, धान, मक्का को खाकर एवं बिखेर कर बर्बाद कर दिया। साथ ही घरेलू उपयोग के कई सामान दिवार गिरने से बर्बाद हो गये। ग्रामीण एकठ्ठा होकर लूकारी जला, टीना पीटकर हाथियों को किसी तरह जंगल की ओर भगाया। हाथियों का झुंड जाते-जाते किसान गोपाल टाना भगत की गन्ना एवं पिपराडीह ग्राम निवासी आकाश यादव की दो एकड़ भूमि पर लगी टमाटर की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। हम सभी किसानों से घर क्षति एवं फसल का लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सभी पीड़ित किसानों ने क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम, संबंधित विभाग व लातेहार उपायुक्त से हुई क्षति का आंकलन कर मुआवजे की मांग की है। हाथियों को भगाने के लिए लाइट, मोबिल, पटाखा उपलब्ध कराने की अपील की है।

## 'अप्रैल से दिसंबर 2023 तक लातेहार जिले में जन्मे बच्चों का लिंगानुपात 926 रहा'

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा लिंग जांच एवं लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट बनाया गया है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन के लिए हमें संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करना है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से नवजात बच्चों में लिंगानुपात के बारे जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने बताया कि अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023 तक लातेहार जिले में जन्मे बच्चों का लिंग अनुपात 926 है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में औचक जांच कर पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा उन अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अखिलेश्वर सिंह, डॉ मारसा टोपनो, डॉ चंद्रमणि बाखला आदि मौजूद थे।

# श्रम मंत्री ने रोजगार मेले में 12 युवाओं को दिया ऑफर लेटर



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभागके मंत्री सत्यानन्द भोक्ता मंगलवार को चतरा कॉलेज चतरा के निकट हैलीपैड ग्राउंड में श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग चतरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इसके उपरांत मंत्री भोक्त ने सांकेतिक रूप से करीब 12 युवक-ुवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। साथ ही मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया। मेले में कुल 13 अलग-अलग कंपनियों द्वारा 1007 रिक्तियां के लिए आवेदन आमंत्रीत किए गए। जिसे लेकर पात्रता के अनुसार कंपनियों द्वारा युवक-युवतियों का चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्य के बरोजगारों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर सभी को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार पूरे राज्य में श्रम, नियोजन विभाग की ओर से बड़े पैमाने पर रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। हमारी सरकार ने सभी निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर नियम बनाया है, जिसका अनुपालन किया जा रहा है।

## महिलाओं ने अबुआ आवास में हेराफेरी का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

अबुआ आवास को लेकर मंगलवार को महिलाओं की भीड़ प्रखंड कार्यालय में उमड़ पड़ी। महिलाओं ने अबुआ आवास के आवेदनों को ऑनलाइन करने में हेराफेरी व आवेदन जमा करने के एवज में कुछ बिचौलियों द्वारा 200 से 500 रुपये की वसूली की शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से की। इस पर बीडीओ हरिनाथ महतो ने जांच की जिसमें कुछ बिचौलियों द्वारा पैसे लिए जाने की बात सामने आई। बीडीओ ने उपस्थित महिलाओं से आवेदक को ऑनलाइन करने के नाम पर किसी को भी पैसा नहीं देने की अपील की। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी को सभी आवेदनों को ऑनलाइन करने का निर्देश दिया। आवेदन देने को लेकर महिलाओं की भारी भीड़ प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाए गए शिविर में लगी। वहीं आवेदन जमा करने को लेकर जमकर हंगामा भी हुआ, जिससे कुछ समय के लिए अफरा तफरी मच गई।

# बालूमाथ और बारियातु में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन





**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/बारियातु**

ब्लॉक कैंपस परिसर स्थित लैंपस कार्यालय में बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव व उप प्रमुख कामेश्वर राम, लैंपस अध्यक्ष जीतू उरांव सहित इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव ने बताया कि यहां राज्य सरकार द्वारा धान खरीदा जा रहा है। यहां किसान अपने धान को सरकारी मूल्य पर बेच सकते हैं। मौके पर लिमिटेड सचिव अशोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम सरकारी मूल्य पर धान अधिप्राप्ति केंद्र पर लिया जाना है। उसी किसान का धान क्रय होना है जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। सरकारी नियमानुसार किसानों के खाते में धान के पैसे क्रेडिट किए जाएंगे। मौके पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सुमन कुमार सिंह, राजद पार्टी के लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, प्रेमचंद गंझू, कृषी प्रखंड पदाधिकारी मनीष पांडेय, बाबूलाल भगत, मनोज यादव, राजद दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तुलसी राम, धर्मजीत उरांव, कृष्णा रजक, श्याम सुंदर यादव, दशरथ यादव आदि मौजूद थे।

वहीं **बारियातु** प्रखंड मुख्यालय के लैंपस में मंगलवार को धान क्रय केंद्र का शुभारंभ प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, बीसिओ सुमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। लैंपस अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव राकेश रौशन ने बताया कि किसानों का साधारण धान 2183 रुपये प्रति क्विंटल लिया जायेगा। वहीं सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल 117 रुपये बोनस के रूप में मिलेगा। दोनों मिलाकर प्रति क्विंटल धान 2300 रुपये की दर से किसानों के खाता में भुगतान किया जायेगा। एक किसान अधिकतम बीस क्विंटल धान की बिक्री कर सकता है। मौके पर युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, किसान शाहदेव साव, मंटु साव, मुकेश यादव मौजूद रहे।

# श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री, विधायक व पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड मुख्यालय कीमुखिया मृदुला देवी के ससुर व विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह के पिता प्रसाद सिंह के तेरहवीं पगड़ी कार्यक्रम में मंगलवार को राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक केदार राम, भाजपा जिलाध्यक्ष मयूरहंड पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिले और दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में समाजसेवी शिवकुमार सिंह, अखिलेश्वर सिंह, रणधीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, विभूतिनाथ सिंह, पूर्व मुखिया सीताराम दांगी, डॉक्टर पुरषोत्तम सिंह, नरेश भुइयां, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, अजीत पासवान समेत गया, नवादा, चतरा, मयूरहंड, चौपारण, इटखोरी, कोडरमा, हजारीबाग क्षेत्र से कई गणमान्य लोगों पहुंचे थे।

## मुखिया ने श्राद्ध के लिए किया सहयोग

**कुंदा।** नवादा पंचायत सिंदरी (टोला बाचकुम) निवासी दिवगंत रामनाथ गंझु के श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर मुखिया भरत यादव ने वस्त्र व खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। दिवगंत की पत्नी समेत चार छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है। मुखिया ने कहा कि ग्राम पंचायत के मुखिया होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि गरीब असहाय लोगों को मदद करें।

## पुण्यतिथि पर रेवालाल को अर्पित की गई श्रद्धांजलि




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड के मूरपा मनसिंघा ग्राम निवासी स्व रेवालाल यादव की पुण्य तिथि पर राजद लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम सहित कई राजद कार्यकर्ताओं व समाजसेवियों ने मनसिंहा चौक पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। बता दें कि समाजसेवी यादव की उग्रवादियों ने वर्ष 2008 में हत्या कर दी थी। मौके पर समाजसेवी त्रिवेणी सिंह, रोहन गोप, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, वरुण यादव, गोपाल चंद्र यादव राजद नेता मनोज यादव, ब्रह्मदेव यादव, संजय यादव, अमित यादव, दीपक यादव, उमेश यादव, रवि यादव, ललन यादव, सतीश यादव, समाजसेवी जगरनाथ यादव, उपेंद्र यादव, दिलीप यादव आदि मौजूद थे।

## गिद्धौर बीडीओ ने योजना निर्माण स्थल की जांच की



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड विकास पदाधिकारी मंगलवार को योजना निर्माण स्थल की जांच की। सभी योजनाएं निर्धित स्थल पर पाई गई। बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में डीएमएफटी से निर्मित योजनाओं के कार्य स्थल की जांच की। । उन्होंने बताया कि यह जांच उपायुक्त के निर्देश पर की जा रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट उपायुक्त को भेजी जाएगी। उन्होंने गिद्धौर के सूर्य मंदिर परिसर में किए गए फाइबर ब्लॉक, पीडब्ल्यूडी से रामसेवक दांगी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, पीडब्ल्यूडी पथ से फागुन महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण आदि योजनाओं की जांच की। मौके पर कनीय अभियंता सचिन दत्त शर्मा के साथ संवेदक उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

पत्रांक– 21 / दिनांक– 08.01.2023

**अति–अल्पकालीन बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 39/2023–24**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.01.2024 को आयोजित समीक्षा बैठक में प्रस्ताव सं0 01 के अनुपालन में वित्तीय वर्श 2023–24 हेतु दिनांक 01.02.2024 से 31.03.2024 तक एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक (कुल 14 माह) के लिए निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 23.01.2024 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय के सभागार में की जायेगी।

| क0 सं0 | सैरात का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | दुबे तहले सूर्य मंदिर तालाब में मछली पालन | 35000 | 3500 |
| 02 | आमर नाग बाबा तालाब में मछली पालन | 35000 | 3500 |
| 03 | खजुरी डैम में मछली पालन | 233333 | 23500 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत मझिऑव द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि दिनांक 23.01.2024 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान किया जायेगा।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत मझिऑव से दिनांक 20.01.2024 से 22.01.2024 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार) रूपये का ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन शुल्क Non-refundable होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR 315466 (Urban Development) 23-24 (D)



## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 38/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.01.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 19.01.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 19.01.2024 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | 13वें वित्त | LOOSE FURNITURE AND PUTTY, PLASTER AND TEXTURED EXTERIOR PAINT WORK FOR MARRIAGE HALL MANJHIAON IN WARD NO.-03 | 540100 | 5000 | 11000 | 45 दिन |
| 02 | 03 | 13वें वित्त | WATER ROOFING AND TREATMENT OF ROOF SLAB FOR MARRIAGE HALL MANJHIAON IN WARD NO.-03 | 660000 | 5000 | 13200 | 45 दिन |
| 03 | 03 | 13वें वित्त | INTERIOR WORKS AND PROCTECTION OF WALL FOR MARRIAGE HALL MANJHIAON IN WARD NO.-03 | 513300 | 5000 | 10300 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिऑव

PR 315465 Urban Development (23-24)_D


**उपलब्धि** एसोसिएशन के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने विजेताओं को दी बधाई

# कराटे में लातेहार के खिलाड़ियों ने जीते 29 पदक



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

रांची के स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेल गांव में झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजुरियो कराटे ऑगेनाइजेशन के तत्वाधान में प्रथम झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजुरियो कराटे चैंपियनशिप 7 जनवरी को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 160 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें लातेहार गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड मेडल, 8 सिल्वर मेडल, 13 ब्रोंज मेडल पर कब्जा किया।

वहीं प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्ग में प्रथम दूसरा और तीसरा स्थान पाने वालों में मनजीत कुमार सिंह, शक्ति कुमार सिंह, मुकेश उरांव, शौर्य राज, रानी कुमारी, काजल कुमारी, नैंसी कुमारी, जितेंद्र उरांव, छठन उरांव, राजन कुमार, साक्षी कुमारी, गणेश कुमार, दीपशिखा कुमारी, नीलम कुमारी, महेंद्र कुमार सिंह, अशोक उरांव, विश्व प्रकाश शामिल हैं। वहीं प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी मार्च में पुणे में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। मेडल जीतकर आनेवाले खिलाड़ियों को लातेहार गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसियेशन सह लातेहार कराटे प्रशिक्षण केंद्र के कोच सेंसई अक्षय कुमार सिंह और झारखंड गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसियेशन के जेनरल सेक्रेटरी शिहान धर्मेंद्र कुमार एवं झारखंड गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसियेशन के प्रेसिडेंट सेंसई लाल बिहारी सिंह ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक बैजनाथ राम, लातेहार नगर अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनिका मिथिलेश पासवान, बीससूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिवल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### भारत में सामने आए कोविड के 475 नए मामले, 6 मौतें दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि देश में मंगलवार को बीते 24 घंटों में 475 नए कोविड-19 मामले सामने आए और छह मौतें हुईं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 6 नई मौतें कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और असम में हुईं। सोमवार को केरल, कर्नाटक और त्रिपुरा में कुल चार मौतें हुईं। इस बीच, एक्टिव मामलों की कुल संख्या सोमवार के 4,002 से गिरकर 3,919 हो गई।

### भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी

**इंफाल।** भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मणिपुर का मोरेह परेशानी पैदा करने वाला स्थान बना हुआ है। क्षेत्र में सोमवार को दूसरे दिन भी संदिग्ध उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी जारी है। पुलिस ने कहा कि रविवार और सोमवार को मोरेह में संदिग्ध आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी की सूचना मिली है, लेकिन दोनों तरफ से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। 30 दिसंबर के बाद से टेंग्नौपाल जिले के मोरेह में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमलों की विभिन्न घटनाओं में मणिपुर पुलिस के 10 कमांडो और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया है।

### जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 202 हुई

**टोक्यो।** जापान के इशिकावा प्रांत में आए विनाशकारी भूकंप से मंगलवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 202 हो गई है। यहां एक जनवरी को 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था।

### शिवसेना विधायक रवींद्र वायकर के घर पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता और विधायक रवींद्र वायकर के आवास और कार्यालय समेत 7 जगहों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार सुबह से छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि जोगेश्वरी में जमीन की हेराफेरी कर वहां पांच सितारा होटल बनाए जाने के मामले में ईडी की टीम मनी लांड्रिंग एंगल से वायकर के घर और कार्यालयों पर छानबीन कर रही है। हालांकि अभी तक ईडी की ओर से इस संदर्भ में अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है।

## अयोध्या में टूटेगा सऊदी अरब का वर्ल्ड रिकार्ड! बन रही है सबसे लंबी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट लाइन'

■ लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10. 2 किमी में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम होगा दर्ज

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ ही वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है,उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में भी उल्लेख होने वाला है। योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही 'दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन' परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा।


फाइल फोटो

### अब तक सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाने का 70 प्रतिशत काम पूरा

अयोध्या का नाम यूं तो दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी योगी सरकार ने कर ली है। इस संबंध में यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष 30 प्रतिशत कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड करके रोलआउट कर दिया गया है। जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा।

### मलहम में है 468 सोलर स्ट्रीट लाइट

योगी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊदी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा।

### दीपोत्सव के बाद अब बनेगा नया रिकॉर्ड

वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय के 25000 वॉलेंटियरों ने मिलकर 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी। 22 को जब प्रभु रामलला का श्रीविग्रह भव्य रामजन्मभूमि मंदिर में सुशोभित होगा तो एक बार फिर सूर्यवंश की गौरवगाथा को नया प्रतिमान देते हुए सोलर पावर्ड स्ट्रीट्स लाइट्स की सबसे लंबी श्रृंखला को अयोध्या में संचालित करके इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अंकित किया जाएगा। इस विषय में स्थानीय प्रशासन व यूपीनेडा के अधिकारियों व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों के बीच भी संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

### श्रीकृष्ण जन्मस्थान से भगवान राम के प्रसाद के लिए पांच मन मेवायुक्त दिव्य लड्डुओं का भोग होगा रवाना

**मथुरा।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान से भगवान राम के प्रसाद के लिए 05 मन यानी 200 किलो मेवायुक्त देसी घी के लड्डू भेजे जाएंगे। सोमवार शाम भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान स्थित इंटरनेशनल गेस्ट हाउस पर आयोजित वार्ता में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन पहली बार भागवत भवन स्थित श्री राधा कृष्ण सियाराम के रूप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे तो वहीं श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जन्म स्थान परिसर में भव्य व्यवस्थाएं की जाएगी एवं मकर संक्रांति के दिन श्री कृष्ण जन्म भूमि से सुसज्जित वाहन में अयोध्या के लिए दिव्य लड्डुओं का भोग रवाना किया जाएगा, जो विभिन्न शहरों के रास्ते होते हुए अयोध्या पहुंचेंगे। साथ ही बताया कि जिस समय श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में मनाया जाएगा तो वहीं जन्म स्थान परिसर में भी सुबह नौ बजे से खीर-हलवा-पूरी प्रसाद का वितरण किया जाएगा एवं 12:15 बजे से भगवान श्री राम की दिव्य आरती और दो बजे से लीला मंच पर भजन गायक जगदीश बृजवासी अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 16 जनवरी से निरंतर 23 जनवरी तक संपूर्ण जन्म स्थान परिसर में रामधुन बजाई जाएगी एवं शाम को 5 बजे से संपूर्ण मंदिर परिषद में विशाल दीपदान का आयोजन प्रारंभ हो जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की भव्य रंगोली बनाई जाएगी एवं शाम को 7 बजे से भव्य दीपदान किया जाएगा।

## दुनिया भर में भारत की भावना के प्रतीक हैं प्रवासी : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पर 32 मिलियन से अधिक मजबूत भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे विश्व में विश्व, एकता और विविधता की भारत की भावना को बढ़ावा देने व उसको मूर्त रूप देने के लिए उनकी सराहना की। हर साल 9 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन राष्ट्र के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करता है, और 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत में महात्मा गांधी की वापसी की याद भी दिलाता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,प्रवासी भारतीय दिवस पर शुभकामनाएं। यह दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। वे दुनिया भर में एकता और विविधता की भारत की भावना का प्रतीक हैं। इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, प्रवासी भारतीय दिवस पर, दुनिया भर में फैले भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं। हमें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपका उत्कृष्ट योगदान भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अब तक, विदेश मंत्रालय ने 17 पीबीडी सम्मेलन आयोजित किए हैं, जो प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ने और प्रवासी भारतीयों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम, जो 2015 से हर दो साल में मनाया जाता है। पहली बार 2003 में भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा पेश किया गया था। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर, हम विदेशों में भारत के राजदूत होने के लिए अपने प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद देते हैं और राष्ट्र में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर दुनिया भर में जीवंत भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं। हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों के राजदूत के रूप में, उन्होंने दुनिया भर में एक स्थायी प्रभाव डाला है। उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत ने न केवल उन देशों को समृद्ध किया है जहां वे रहते हैं, बल्कि उन्हें समृद्ध भी बनाया है। 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8-10 जनवरी, 2023 तक इंदौर में मध्य प्रदेश सरकार की साझेदारी में आयोजित किया गया था। इसका विषय था प्रवासीः अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार।

### पीएम ने किया 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक व्यापार प्रदर्शनी' का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन की पूर्व-संध्या पर 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड फेयर-2024' का उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कई वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वाहन विनिर्माण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में बुधवार से शुरू हो रहे 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री ने सुजुकी मोटर कॉर्प, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और एपी मोलर के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उद्योग से जुड़े मुद्दों तथा निवेश अवसरों पर चर्चा की।




### वाइब्रेंट गुजरात समिट : पीएम मोदी की दो राष्ट्रपतियों से मुलाकात

**गांधीनगर।** पीएम मोदी और तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति डॉ. जोस रामोस होर्टा ने मंगलवार को गांधीनगर में मुलाकात की। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति होर्टा 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 8-10 जनवरी तक भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति होर्टा और उनके प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह दोनों देशों के बीच राज्य प्रमुख या सरकार स्तर की पहली यात्रा है।




मोदी ने गांधीनगर में मोजांबिक के राष्ट्रपति से मुलाकात की

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बोले

## कर्नाटक में अधिक उपमुख्यमंत्री मंत्री पद का कोई प्रस्ताव नहीं

**एजेंसी। कलबुर्गी (कर्नाटक)**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में कोई और उप मुख्यमंत्री पद नहीं होगा। इस संबंध में हाईकमान से पहले कोई प्रस्ताव नहीं था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कर्नाटक में कुछ पार्टी नेताओं की मांगों पर यह प्रतिक्रिया दी। ये नेता अधिक उपमुख्यमंत्री पदों की मांग कर रहे थे। कलबुर्गी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हाईकमान से पहले तीन उपमुख्यमंत्री पदों के लिए कोई प्रस्ताव नहीं था। मीडिया इस संबंध में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिव कुमार से पूछ सकती है। उन्होंने आगे कहा



कि कर्नाटक में ज्यादा उपमुख्यमंत्री पदों के लिए घटनाक्रम सिर्फ एक अटकल है। ध्यान शासन और समस्याओं को हल करने पर होना चाहिए। गारंटी योजनाओं को लागू करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 10 जनवरी को कर्नाटक से लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन पर बैठक आयोजित की जाएगी और उम्मीदवारों पर चर्चा होगी। दरअसल, अधिक उपमुख्यमंत्री पदों की मांग कुछ समय से बढ़ रही है।

## 'आईएनएस काबरा' पहुंचा श्रीलंका



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का समुद्री जहाज 'आईएनएस काबरा' श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचा है। भारतीय नौसेना का यह समुद्री युद्धपोत फास्ट स्पीड के साथ-साथ तेज हमला करने में भी सक्षम है। श्रीलंका पहुंचे भारतीय नौसेना के इस जहाज का उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग व सौहार्द बढ़ाना है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि नौसैनिक युद्धपोत आईएनएस काबरा 8 जनवरी को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचा। यह जहाज श्रीलंकाई सेनाओं के लिए कई उपकरण लेकर वहां पहुंचा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कोलंबो पहुंचने पर श्रीलंका की नौसेना द्वारा भारतीय युद्धपोत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आईएनएस काबरा के कमांडिंग ऑफिसर ने कोलंबो में पोर्ट कॉल के दौरान पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर, रियर एडमिरल टीएसके परेरा से औपचारिक भेंट की। श्रीलंका में प्रस्तुतिकरण के एक समारोह में आईएनएस काबरा में मौजूद भारतीय नौसेनिकों द्वारा श्रीलंका की नौसेना एवं वायु सेना के लिए आवश्यक पुर्जे और आवश्यक उपकरण सौंपे गए।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी — सिंधिया स्कूल के कैडेट्स ने किया शानदार बैंड का प्रदर्शन

## हर क्षेत्र में निभाएं नेतृत्वकारी भूमिका

### 'गार्ड ऑफ ऑनर' की समीक्षा करके मंत्रमुग्ध हुए सेना प्रमुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को दिल्ली कैंट में चल रहे गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा करके कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कैडेट्स को सशस्त्र बलों के अतिरिक्त विभिन्न व्यवसायों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने सेना प्रमुख का स्वागत किया। एनसीसी के तीनों विंग यानी सेना, नौसेना, वायु सेना से आए कैडेट्स के 'गार्ड ऑफ ऑनर' की समीक्षा करके थल सेनाध्यक्ष मंत्रमुग्ध हुए। इसके पश्चात सिंधिया स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने शानदार बैंड का प्रदर्शन किया। इसके बाद जनरल मनोज पांडे ने एनसीसी कैडेट्स के सामाजिक जागरुकता विषयों और सांस्कृतिक गतिविधियों को दर्शाने वाले 'ध्वज क्षेत्र' का दौरा किया। कैडेट्स ने उन्हें अपने संबंधित राज्य निदेशालय विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 'हॉल ऑफ फेम' का भी दौरा किया, जो एनसीसी के तीन विंग के पूर्व छात्रों की तस्वीरों, मॉडलों, प्रेरक वस्तुओं और अन्य विषयों का एक समृद्ध अभिलेखीय संग्रह प्रदर्शित करता है। थल सेनाध्यक्ष ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ सभागार में एनसीसी कैडेट्स का शानदार 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' भी देखा। थल सेनाध्यक्ष ने इस बात पर खुशी जताई कि कई पूर्व एनसीसी कैडेट्स सरकार और सशस्त्र बलों में उच्च पदों पर हैं। उन्होंने कैडेट्स से यह भी आग्रह किया कि वे जो कुछ भी करें, उसमें अपना दिल और दिमाग लगाएं और हमारे देश के युवाओं के लिए आदर्श बनें। उन्होंने रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण और पुनीत सागर अभियान आदि जैसी सामाजिक सेवा योजनाओं सहित राष्ट्रीय निर्माण गतिविधियों में एनसीसी के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला। सीओएएस ने एनसीसी कैडेट्स की शानदार उपस्थिति, प्रभावशाली 'गार्ड ऑफ ऑनर' और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उनकी सराहना की। कैडेट्स को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की।



## लाहौर एचसी में सरकार की स्वीकारोक्ति : हिरासत में है उमर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने मंगलवार को लाहौर हाई कोर्ट को बताया कि पीटीआई के पूर्व नेता उस्मान डार का भाई उमर डार वर्तमान में सियालकोट पुलिस की हिरासत में है। उस्मान डार ने आरोप लगाया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने उनके भाई को अगवा कर अवैध तौर पर हिरासत में लिया है। डार ने इस संबंध में याचिका दायर कर लाहौर हाईकोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। स्थानीय अखबार डान की रिपोर्ट के अनुसार लाहौर हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान पंजाब के अतिरिक्त महाधिवक्ता गुलाम सरवर निहान प्रांतीय सरकार के वकील के रूप में पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि उमर डार को 8 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है। वह कैंट पुलिस स्टेशन में सियालकोट पुलिस



की हिरासत में है। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने 30 दिसंबर को दावा किया था कि उमर का लाहौर में अपहरण कर लिया गया है। इसके बाद हाई कोर्ट ने पुलिस को 24 घंटे के भीतर उसे बरामद करने का निर्देश दिया था। पिछले हफ्ते हाई कोर्ट ने उमर की गिरफ्तारी या हिरासत से इनकार करने वाली पंजाब पुलिस की रिपोर्ट को असंतोषजनक बताते हुए खारिज कर दिया था। अगले दिन हाई कोर्ट ने पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. उस्मान अनवर को कथित अपहरण के सीसीटीवी फुटेज के आलोक में एक नई रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया था।

# जलियांवाला बाग से भी भयंकर था डोंबारी बुरू का नरसंहार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय इतिहास के अध्येता और विद्यार्थी जलियांवाला बाग हत्याकांड को अंग्रेजी हुकूमत के सबसे क्रूर नरसंहार के रूप में जानते हैं, लेकिन, सच तो यह है कि झारखंड की डोंबारी बुरू पहाड़ी पर अंग्रेजी सेना ने जलियांवाला बाग से भी बड़ा कत्लेआम किया था।

मंगलवार को उसी डोंबारी बुरू नरसंहार की 124वीं बरसी है और इस मौके पर पहाड़ी पर बने शहीद स्तंभ पर सैकड़ों लोगों ने शीश नवाया। महान आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की अगुवाई में झारखंड के एक बड़े इलाके ने अंग्रेजी राज के खात्मे और अबुआ राज यानी अपना शासन का ऐलान कर दिया था। बिरसा मुंडा की यह क्रांति उलगुलान के नाम से जानी जाती है।

इससे घबराई सरकार ने 9 जनवरी 1900 को झारखंड के खूंटी स्थित डोंबारी बुरू पहाड़ी पर भीषण कत्लेआम को अंजाम दिया था। डोंबारी बुरू हत्याकांड के अमर वीर शहीदों की शहादत को शत-शत नमन।

## 124 वीं बरसी पर लोगों ने किया नमन



## बिरसा ने किया था उलगुलान का ऐलान

बिरसा मुंडा ने 24 दिसंबर, 1899 को उलगुलान का ऐलान कर दिया। घोषणा कर दी गयी कि जल, जंगल, जमीन पर हमारा हक है, क्योंकि यह हमारा राज है। जनवरी 1900 तक पूरे मुंडा अंचल में क्रांति यानी उलगुलान की चिंगारियां फैल गईं। 9 जनवरी, 1900 को हजारों मुंडा तीर-धनुष और परंपरागत हथियारों के साथ डोंबारी बुरू पहाड़ी पर इकट्ठा हुए। इधर, गुप्तचरों ने अंग्रेजी पुलिस तक मुंडाओं के इकट्ठा होने की खबर पहले ही पहुंचा दी थी। अंग्रेजों की पुलिस और सेना ने पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया। दोनों पक्षों में भयंकर युद्ध हुआ। हजारों की संख्या में आदिवासी बिरसा के नेतृत्व में लड़े। अंग्रेज बंदूकें और तोप चला रहे थे और बिरसा मुंडा और उनके समर्थक तीर बरसा रहे थे। डोंबारी बुरू के इस युद्ध में हजारों आदिवासी बेरहमी से मार दिये गये।

## स्टेट्समेन की गवाही मारे गये थे 400 मुंडा

स्टेट्समैन के 25 जनवरी, 1900 के अंक में छपी खबर के मुताबिक इस लड़ाई में 400 लोग मारे गये थे। कहते हैं कि इस नरसंहार से डोंबारी पहाड़ी खून से रंग गयी थी। लाशें बिछ गयी थीं और शहीदों के खून से डोंबारी पहाड़ी के पास स्थित तजना नदी का पानी लाल हो गया था। इस युद्ध में अंग्रेज जीत तो गये, लेकिन, विद्रोही बिरसा मुंडा उनके हाथ नहीं आए। इसके बाद 3 फरवरी 1900 को रात्रि में चाईबासा के घने जंगलों से बिरसा मुंडा को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे गहरी नींद में थे। उन्हें खूंटी के रास्ते रांची ले आया गया। उनके खिलाफ गोपनीय ढंग से मुकदमे की कार्रवाई की गयी। उन पर मजिस्ट्रेट डब्ल्यू एस कुटुस की अदालत में मुकदमा चला। कहने को बैरिस्टर जैकन ने बिरसा मुंडा की वकालत की, लेकिन, यह दिखावा था।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को बिहार से राज्यसभा सांसद-सह-जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 21 जनवरी के प्रस्तावित झारखंड दौरे से संबंधित जानकारी दी। साथ ही राज्य में चल रहे कई विकासात्मक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। खीरू महतो ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं भी दी।**



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को स्टेशन कमांडर, रामगढ़ कैंट, ब्रिगेडियर संजय कान्डपाल एवं प्रशासनिक कमांडर, रामगढ़ कैंट, कर्नल विनय रंजन ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।**

# छतरपुर विधायक और पूर्व सांसद की गाड़ी पर हमला, बाल बाल बचे, अंगरक्षक जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क जाम कर रहे चालकों ने छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार की गाड़ी पर मंगलवार की देर शाम हमला कर दिया। चालकों ने वाहनों पर पत्थर फेंके। इस घटना में विधायक एवं पूर्व सांसद बाल बाल बच गए। उनके दो सुरक्षाकर्मी जख्मी हुए हैं। आन्दोलनकारियों ने पुलिस टीम पर भी पत्थरबाजी की, जिससे कई पुलिसकर्मियों को भी चोटें आयी है। पूर्व सांसद द्वारा इस संबंध में छतरपुर थाना में मामला दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो तीन चालकों को पकड़ा है। अतिरिक्त पुलिस फोर्स मेदिनीनगर से बुलाकर कार्रवाई के लिए मौके पर रवाना हो गई है। बताया जाता है कि हिट एंड रन कानून के विरोध में करीब 200 की संख्या में चालक छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ में नवनिर्मित फोरलेन को सुबह से ही जाम कर धरना दे रहे हैं। सारे चालक छतीसगढ के रायगढ एवं उड़ीसा में रहकर ड्राइवरी करते थे। सभी छतरपुर काम करके लौटे हैं। आते ही हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क पर उतर आए। दोपहर के समय जाम कर रहे चालकों को छतरपुर अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, पुलिस निरीक्षक वीर सिंह मुंडा सहित प्रशासन के अन्य लोगों ने समझा बुझाकर जाम हटवाने की कोशिश की, परंतु उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। प्रशासन के लोग सबको बार-बार समझाते रहे कि यह सब कुछ अफवाह फैलाई जा रही है। आप इसके चक्कर में ना पड़े। फिलहाल हिट एंड रन कानून को स्थगित कर दिया गया है।

# मीडिया से जन-जन तक पहुंचाएं पार्टी की विचारधारा : राजेश ठाकुर

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के प्रवक्ताओं के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को कार्यालय में मीडिया विभाग के नवनियुक्त प्रवक्ताओं की बैठक आयोजित की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने लोकसभा चुनाव-2024 एवं राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आप सभी नवनियुक्त प्रवक्ताओं पर पार्टी की विचारधारा को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मेदारी है। साथ ही झारखंड की महागठबंधन की सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किये गये विकास कार्यों को मजबूती के साथ आम लोगों के समक्ष रखना है।

ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए आमजनता की समस्याओं से ध्यान भटका कर पूरे देश में एक सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है। हमारे समक्ष ये बहुत बड़ी चुनौती है कि हम किस तरह से समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आमजन के मुद्दों को मीडिया के समक्ष कैसे रखें। महंगाई, रोजगार, किसानों एवं महिलाओं की समस्याओं को जोरदार तरीके से रखें ताकि सत्ता पक्ष के मठाधीश भी इसकी चर्चा के लिए मजबूर हों। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी प्रवक्ताओं को झारखंड के सभी जिलों से संवाद के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी सहित अन्य प्रवक्ताओं ने भाग लिया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को झारखंड प्रभारी करेंगे बैठक

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी । बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कमिटी के पदाधिकारियों, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष की अनिवार्य उपस्थिति निर्धारित की गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि राहुल गांधी 14 जनवरी को 6700 किमी. की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर की राजधानी इम्फाल से कर रहे हैं।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ग्रामीण इलाकों में भी लगा रहा स्वास्थ्य शिविर : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी अपनी निःस्वार्थ सेवा के लिए जाना जाता है और यह संकट के समय जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान ने इस नेत्र शिविर को आयोजित करके अंधापन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्था के ये प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के राम मनोहर लोहिया नेत्रालय और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा आई कैंप कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाता रहा है, जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन युद्ध में घायल सैनिकों के लिए किया गया था लेकिन अब इस संस्था की गतिविधियां अत्यंत बढ़ गयी हैं।

# राज्यपाल से मिले मरांडी, राजनीतिक उथल-पुथल की दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के जाने से पहले भी इस मुद्दे पर उन्होंने पत्राचार किया था। अभी फिर राज्यपाल से मुलाकात कर नए साल की बधाई दी और झारखंड की राजनीतिक उथल-पुथल पर बातचीत हुई। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन गांडेय विधानसभा में फिर से चुनाव करवाकर पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने आनन-फानन में गांडेय सीट खाली करवाया। इधर, जेएमएम ने चुनाव आयोग से चुनाव करवाने की सिफारिश भी कर दी है। लेकिन ऐसा संभव नहीं है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन बिहार के पूर्व सीएम व राजद सुप्रीमो लालू यादव की राह पर चल रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गांडेय सीट पर फिलहाल चुनाव संभव नहीं है। क्योंकि एक साल से भी कम का कार्यकाल बचा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भी यह साफ हो गया है कि एक साल के कम समय में दुबारा चुनाव नहीं हो सकता है। इसी विषय पर ध्यान दिलाने के लिए उन्होंने आज राज्यपाल से मुलाकात की है। चुंकि दो ही स्थिति में कोई विधायक सीट छोड़ता है या तो पार्टी से विवाद के कारण या तो स्वास्थ्य कारणों से। लेकिन डॉ सरफराज अहमद ने पार्टी के कहने पर गांडेय विधानसभा सीट छोड़ी है।

## झारखंड प्रदेश राजद की बैठक 20 जनवरी को

**रांची।** झारखंड राजद के प्रदेश कार्यकारिणी और विस्तारित कमेटी की बैठक 20 को होगी। पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यालय में होने वाली बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड प्रदेश राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव सहित कई नेता शामिल होंगे। राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने बताया कि 20 जनवरी को होनेवाली बैठक कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसमें प्रदेश कार्यसमिति के अलावा प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रदेश राजद प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड युवा राष्ट्रीय जनता दल, महिला राष्ट्रीय जनता दल के अलावा सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष जिला सचिव भी भाग लेंगे।

# सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ अभियान सोशल मीडिया पर कल

## शिक्षा सचिव ने दिए दिशा-निर्देश

- सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे
- प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य व नागरिकों को भी भाग लेने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान के तहत 11 जनवरी को प्रातः सभी जिलों में स्कूल आते हुए बच्चों की सीटी बजाती हुई तस्वीर या वीडियो # सीटी बजाओ को टैग करते हुए पोस्ट किया जाएगा। इस सोशल मीडिया महा अभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र छात्राये, अभिभावक आदि अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। साथ ही समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इनके अलावा सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे। सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान के संदर्भ में राज्य शिक्षा सचिव के रवि कुमार के निदेशानुसार मंगलवार को विभिन्न जिलों में 11 जनवरी के सोशल मीडिया महा अभियान को देखते हुए अहम बैठक की गयी। इसमें जिला के सभी ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही 11 जनवरी के दिन इस महाअभियान की व्यापक सफलता को लेकर पदाधिकारियों को ब्लॉक स्तर तक हर विद्यालय में पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है। सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ सोशल मीडिया महाअभियान को देखते हुए स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी जिला पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पर्याप्त संख्या में सीटी मौजूद रखने का निर्देश दिया है। जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम को प्रयास, एसएमसी और पीटीएम से भी जोड़ा जाएगा। राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को जारी दिशा निदेर्शों में स्पष्ट किया है कि इस सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए सोशल मीडिया के सभी माध्यमों का प्रचूर इस्तेमाल करें।

इस अभियान के तहत प्रतिदिन प्रातः स्कूल में हाउस के कैप्टन और क्लास मॉनिटर सीटी बजाते हुए अपने गांव, कस्बों, टोलों के बच्चों को स्कूल चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अभियान से बच्चों के अभिभावक भी जागरूक हो रहे हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**जांच एजेंसी के समन पर...**
15 जनवरी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। ऐसे में समन की तारीख से ठीक पहले ऐसा प्रस्ताव पास होना काफी अहम माना जा रहा है।

**रांची में मेयर सीट हमेशा के लिए एसटी रिजर्व :** कैबिनेट सचिव ने बताया कि बैठक में झारखंड में निकाय चुनाव अब जनसंख्या के अनुरूप नहीं होगा। चक्रानुक्रम व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। रांची नगर निगम में मेयर का पद अब हमेशा के लिए एसटी के लिए रिजर्व रहेगा। धनबाद नगर निगम में एससी के लिए आरक्षित रहेगा। राज्य सरकार ने इसके अलावा नियमावली में और भी कई संशोधन किये हैं।

**रांची में बनेगा ताज होटल :** राजधानी रांची में विश्वस्तरीय पर्यटन अवसंरचना के रूप में 'ताज होटल' के निर्माण के लिए मैसर्स द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड को कोर राजधानी क्षेत्र के साइट-1 में कुल 6.00 एकड़ भूमि लीज पर आवंटित करने के स्वीकृति दी गई।

**एससी-ओबीसी के भी धार्मिक स्थल होंगे विकसित :** अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के धार्मिक स्थलों को विकसित करने के योजना को मंजूरी दी गयी। प्रत्येक धार्मिक स्थल पर 50 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। इसमें पेयजल मल्टीपर्पज हॉल सहित अन्य विकास कार्य होंगे। लाभुक समिति की अनुशंसा पर काम होगा। अभी एसटी और अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों के विकास का प्रावधान है।

**नामकुम-डोरंडा रोड 126 करोड़ में फोरलेन होगा :** रांची में नामकुम-डोरंडा रोड के चार लेन चौड़ीकरण और मजबूत करने के लिए 126 करोड़ की योजना को स्वीकृति दी गई। धनबाद में गया रेलवे ब्रिज के निर्माण के लिए 30 करोड़ 50 लाख रुपये रिवाइज्ड ऐस्टीमेट की स्वीकृति दी गई। खूंटी तोरपा कोलेबिरा पथ 26 किलोमीटर लंबाई के निर्माण के लिए 30 करोड़ 61 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। पाकुड़ में बाईपास निर्माण की 36.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।

**गिरिडीह में एयरपोर्ट रनवे विस्तार के लिए 25 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण :** कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि गिरिडीह में एयरपोर्ट रनवे के विस्तार के लिए 25 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। इसमें 17 एकड़ रैयती जमीन है जिसके अधिग्रहण के लिए 60 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव स्तर और उसके नीचे के अधिकारियों और अन्य सेवा के अपर सचिव से नीचे के अधिकारी को लैपटॉप और टैबलेट कार्य की सुविधा के लिए दिया जायेगा।

**आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की रिटायरमेंट उम्र में संशोधन :** आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की रिटायरमेंट उम्र में कुछ संशोधन किया गया है। उम्र सीमा पूर्व की तरह ही रखा गया है, लेकिन जिस साल उनका रिटायरमेंट होगा उस वर्ष के 30 अप्रैल को ही रिटायर होंगी।राज में 2500 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे। इसके लिए 277 करोड़ की योजना स्वीकृत की गयी। तीन डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त भी किया गया है।

**कैबिनेट के अन्य...**
महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केन्द्र[ महिला सशक्तिकरण केंद्र (एचईडब्ल्यू) के कार्यान्वयन के लिए योजना की स्वीकृति दी गई।

- झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग बाहुल्य गांवों में धार्मिक स्थल, श्मशान तथा मसना की घेराबंदी, सौन्दर्यीकरण करने की प्रस्तावित योजना की रूप-रेखा एवं कार्यान्वयन की प्रक्रिया की स्वीकृति दी गई।

-झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका (संशोधन) नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई।

-रांची जिलान्तर्गत अंचल-ईटकी के मौजा-ईटकी, ठाकुरगांव अंतर्निहित रकबा 4.00 एकड़ भूमि में कुल राशि 60,72,162 (साठ लाख बहत्तर हजार एक सौ बासठ) रुपये की अदायगी पर अजीम प्रेमजी स्कूल की स्थापना के लिए अजीम प्रेमजी एजुकेशनल ट्रस्ट को 75 प्रतिशत रियायती दर पर 99 वर्ष के लिए सशुल्क लीज बन्दोबस्ती की स्वीकृति दी गई।

-मेसर्स एबीसी कंस्ट्रक्शन की भुगतान की स्वीकृति दी गई।

- डुमरी के तत्कालीन विधायक स्व. जगरनाथ महतो एवं अन्य के विरुद्ध दर्ज नावाडीह थाना कांड संख्या-19/2016,13.05.2016 धारा-147/148/ 139/188/323/353 भादवि की वापसी की स्वीकृति दी गई।

- राज्य के आठ जिलों के लिए साईबर अपराध थाना सृजन की स्वीकृति दी गई।

**छत्तरपुर विधायक और पूर्व सांसद..**
जाम हटवाने की कोशिश की, परंतु उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। इसी क्रम में देर शाम जब उस रास्ते से विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार की गाड़ी गुजरने लगी तो चालकों ने आक्रोशित होकर उनके वाहनों पर जमकर पत्थरबाजी की। डीएसपी के वाहन भी पत्थर फेंके।

**मोहम्मद शमी सहित कई...**
(मरणोपरांत) को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, 2022 प्रदान किया। इसके अलावा राष्ट्रपति ने तुलसी चैतन्य मोथुकुरी, मास्टर वारंट ऑफिसर अंशू कुमार तिवारी और परवीन सिंह को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, 2022 प्रदान किए। मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी, 2023 गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर को दी गई। ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) और जैन (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार, 2023 दिए गए।

**धर्म के नाम पर बढ़ता...**
कहा है कि जनवरी 2024 में राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद अयोध्या में 10 गुना ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचेंगे। उधर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में 2021 में 7 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की थी। यह आंकड़ा कितना बड़ा है, इसका पता इस बात से चलता है कि 2020 में वहां करीब 80 लाख लोग ही गए थे। वहां न केवल ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे, बल्कि साल 2022 में दान की राशि भी 500 प्रतिशत बढ़कर 100 करोड़ रुपये हो गई। पर्यटन मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत के धर्मस्थलों में साल 2022 में 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपये का चढ़ावा आया। साल 2021 में यह रकम 65070 लाख रुपये थी। साल 2022 में 143 करोड़ 30 लाख लोग धर्मस्थलों में पहुंचे। इनमें 66 लाख 40 हजार विदेशी टूरिस्ट भी थे। कमाई अभी कोविड के पहले के दिनों जैसी नहीं हो रही है, लेकिन जानकारों का कहना है कि रिकवरी काफी अच्छी हुई है। 2011 की जनगणना के अनुसार 2001 से 2011 के बीच भारत में धर्मस्थलों की संख्या 26 प्रतिशत की दर से बढ़ी। इसके मुकाबले अस्पतालों की संख्या 11 प्रतिशत और कारखानों की तादाद 13 प्रतिशत की दर से ही बढ़ सकी। जनगणना के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि भारत में करीब 33 करोड़ बिल्डिंग स्ट्रक्चर हैं, जिनमें 21 करोड़ 60 लाख आवासीय इमारते हैं। दूसरी ओर, भारत में लगभग 30 लाख धर्मस्थल हैं। धर्मस्थलों से संबंधित भारत की ट्रैवल इकॉनमी 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की है। यह भारत के जीडीपी के करीब 2.3 प्रतिशत के बराबर है। यह आंकड़ा साल 2017 में नैशनल सैंपल सर्वे ऑफिस की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट से लिया गया है। 2021 में आई प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि धार्मिक पर्यटन अभी और बढ़ेगा। राजनीति से इतर धर्म अब रोजगार का बड़ा माध्यम पर्यटन के माध्यम से होने जा रहा है।

**मशरूम में है कैंसर व कोरोना...**
तरह किया जाता है। इसलिए वैज्ञानिक यह समझना चाहते थे कि मशरूम व उनमें मौजूद विशेष तत्त्व कोविड़ 19व अन्य विषाणुओं से जुड़ी जटिलताओं को कम करने में कैसे मददगार साबित हो सकते हैं।इस अध्ययन में शोधार्थियों ने कोविड-19 के मौजूदा उपचारों की तुलना मशरूम से प्राप्त विशेष बायोएक्टिव तत्त्वों की एक विस्तृत श्रृंखला से प्राप्त उत्पादों की क्षमता से की है। जो प्राकृतिक तौर पर विषाणु व उससे होने वाले संक्रमण को रोकने के साथ-साथ एंटीवायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीथ्राम्बोटिक गुण रखते हैं। इस शोध में वैज्ञानिकों ने मशरूम से प्राप्त 13 जैव सक्रिय यौगिकों का अध्ययन यह जानने के लिए किया है कि क्या वो उस विषाणु को रोकने में मददगार हो सकते हैं, जो कोविड-19 का कारण बनता है। साथ ही क्या वो शरीर में इसके कारण होने वाली समस्याओं जैसे फेफड़ों के संक्रमण, साइटोकिन स्टार्म, थ्रोम्बोटिक और कार्डियोवैस्कुलर प्रभावों और सूजन को रोकने में मदद कर सकते हैं।

## पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार ने कहा

# ललित मोदी ने दी थी मेरी करियर खत्म करने की धमकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र के बारे में एक बड़ा खुलासा किया कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में शामिल होना उनका रुझान नहीं था और इसका हिस्सा बनने में उन्हें झिझक क्यों थी। प्रवीण कुमार ने खुलासा किया कि मेरठ के करीब होने के कारण उन्होंने शुरू में दिल्ली डेयरडेविल्स में शामिल होना पसंद किया। आरसीबी के साथ अनजाने में एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करने के कारण वो ऐसा नहीं कर पाए। वहां एक व्यक्ति था जिसने मुझसे एक कागज पर हस्ताक्षर करवाए। मुझे नहीं पता था कि यह अनुबंध था। जब उन्होंने अपनी बात रखने के लिए ललित मोदी से संपर्क किया, तो तत्कालीन आईपीएल आयुक्त ने उनका करियर खत्म करने की धमकी दी।

मैं आरसीबी के लिए नहीं खेलना चाहता था क्योंकि बैंगलोर मेरे स्थान से काफी दूर था, मुझे अंग्रेजी नहीं आती थी और खाना मेरी पसंद का नहीं था। दिल्ली मेरठ से काफी करीब है, जिससे मुझे कभी-कभार अपने घर जाने का समय भी मिल जाता। इसी इंटरव्यू में उन्होंने बॉल-टेम्परिंग के मुद्दे को संबोधित करते हुए कहा कि यह



**बैंगलोर मेरे स्थान से काफी दूर था, मुझे अंग्रेजी नहीं आती थी और खाना मेरी पसंद का नहीं था। दिल्ली मेरठ से काफी करीब है, जिससे मुझे कभी-कभार अपने घर जाने का समय भी मिल जाता**

खिलाड़ियों के बीच एक व्यापक प्रथा है। पाकिस्तानी गेंदबाज रिवर्स स्विंग हासिल करने की अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अक्सर इसमें शामिल होते थे। हर कोई इसे थोड़ा बहुत करता है। यही मैंने सुना है। अब, हर जगह कैमरे हैं। पहले, हर कोई ऐसा करता था। हर कोई यह जानता भी है कि वे गेंद को एक तरफ से खरोंच देंगे तो उन्हें गेंदबाजी में थोड़ी मदद मिलेगी लेकिन आपको यह जानना होगा कि उस कौशल का उपयोग कैसे किया जाए।

## घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सीजन 2024-2026 के लिए समझौता

# बीसीसीआई ने कैंपा और एटमबर्ग को बनाया आधिकारिक साझेदार

**प्रायोजक बनकर ब्रांड और बिजनेस मेट्रिक्स में मिलेगा उत्कृष्ट परिणाम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सीजन 2024-2026 के लिए कैंपा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के साथ आधिकारिक साझेदार के रूप में करार किया है।

बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बीसीसीआई प्रशंसकों के अनुभव को बढ़ाने और भारतीय क्रिकेट के कद को ऊंचा करने के लिए दो घरेलू ब्रांडों, कैंपा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के साथ जुड़कर खुश है। कैंपा, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के तहत एक विरासती ब्रांड, उत्पादों की एक रोमांचक श्रृंखला की घोषणा करने और स्टेडियमों में प्रशंसकों को नए जमाने का अनुभव प्रदान करने के लिए इस सहयोग का लाभ उठाएगा। एटमबर्ग, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता उपकरण ब्रांडों में से एक ने हाल ही में स्मार्ट ताले और अन्य घरेलू उपकरणों में उद्यम किया है।

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) के




प्रवक्ता ने कहा हमें भारत-आधारित क्रिकेट आयोजनों के लिए बीसीसीआई का आधिकारिक भागीदार बनने पर खुशी है। यह साझेदारी न केवल हमें एक अरब भारतीय प्रशंसकों के साथ मजबूत संबंध बनाने का अवसर देती है बल्कि हमें दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों और समुदायों तक पहुंचने में भी मदद करेगी। कैंपा एक प्रतिष्ठित विरासत घरेलू पेय ब्रांड है, जो महान भारतीय स्वाद प्रदान करता है, यह क्रिकेट प्रशंसकों की सीमाओं को आगे बढ़ाने और क्रिकेट प्रशंसकों के लिए प्रामाणिक भारतीय स्वाद लाने के लिए विशिष्ट रूप से अग्रसर है।

एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के संस्थापक सदस्य और मुख्य व्यवसाय अधिकारी, अरिंदम पॉल ने कहा क्रिकेट के साथ किसी भी जुड़ाव से पूरे भारत में विस्तार करने वाले ब्रांडों को जो पहुंच और विश्वसनीयता मिलती है, उसकी कोई तुलना नहीं है। एटमबर्ग ने



हमें भारत होम क्रिकेट सीजन 2024-26 के लिए अपने सम्मानित साझेदार के रूप में कैम्पा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है, और साथ में, हमदेश भर के प्रशंसकों के लिए अद्वितीय क्रिकेट अनुभव को एक बनाने के लिए तत्पर हैं।

**रोजर बिन्नी, बीसीसीआई अध्यक्ष**



हम 2024-26 घरेलू सत्र के लिए अपने आधिकारिक साझेदार के रूप में कैंपा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। ये साझेदारियां न केवल हमारे प्रशंसकों के लिए सर्वोत्तम प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं बल्कि उत्कृष्टता और स्थिरता के हमारे मूल्यों के साथ भी संरेखित होती हैं। हम कैंपा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के सहयोग से क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार अनुभव बनाने के लिए तत्पर हैं। यह साझेदारी एक सफल और निर्बाध रूप से निष्पादित क्रिकेट सीजन के लिए हमारी सामूहिक दृष्टि का एक प्रमाण है।

**जय शाह, बीसीसीआई सचिव**

अपने क्रांतिकारी उत्पादों के साथ देश भर के उपभोक्ताओं की कल्पना और प्यार पर कब्जा कर लिया है और एक दशक से भी कम समय में 1000 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

कई प्रमुख क्रिकेट श्रृंखलाओं के लिए प्रसारण प्रायोजक बनकर ब्रांड और बिजनेस मेट्रिक्स दोनों में उत्कृष्ट परिणामों को देखते हुए, बीसीसीआई के साथ यह आधिकारिक साझेदारी हमारे लिए अगला रणनीतिक कदम था। हम आशावादी हैं कि खेल और एसोसिएशन द्वारा प्रदान की जाने वाली दृश्यता एटमबर्ग के लिए ब्रांड जागरूकता और ब्रांड प्रेम बनाने में काफी मदद करेगी।

## रांची प्रेस क्लब मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 28 जनवरी से

**रांची।** रांची प्रेस क्लब द्वारा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। टूर्नामेंट में रांची प्रेस क्लब के सदस्य (जिनका बकाया जमा हो गया हो) ही शामिल हो सकेंगे।

**रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 जनवरी शाम सात बजे तक**



- आठ जनवरी दोपहर 2.30 बजे से 11 जनवरी शाम सात बजे तक रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन या ऑफलाइन किया जा सकेगा।
- रजिस्ट्रेशन शुल्क पूर्व की भांति 500 रुपये होगी।
- 12 जनवरी को टीम गठन करने के साथ ही टाई शीट जारी कर दिया जाएगा।
- 28 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बीएयू ग्राउंड में खेला जाएगा।
- 28 जनवरी से दो फरवरी तक लीग मैच होंगे।
- 05-06 फरवरी को क्वार्टर फाइनल मैच होंगे, जबकि 08 फरवरी को सेमिफाइनल मैच होगा।
- 10 फरवरी को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा।
- क्रिकेट मैच को क्रिक हीरोज एप पर भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा।
- टूर्नामेंट संबंधी किसी भी जानकारी के लिए मैनेजिंग कमिटी सदस्य मोनू कुमार से मोबाइल नंबर- 8235188246 पर संपर्क किया जा सकता है।

## युवाओं को कबड्डी में रुचि लेते देखना वाकई सुखद : टाइगर श्रॉफ




**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार टाइगर श्रॉफ ने सोमवार को मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने यू मुंबा की टीम का हौसला बढ़ाया, जो दबंग दिल्ली केसी से भिड़ी थी। अपने पसंदीदा पीकेएल खिलाड़ी के बारे में टाइगर श्रॉफ ने कहा, मेरे पसंदीदा खिलाड़ी पवन सहरावत है। मैं उससे खुद को जोड़ सकता हूं क्योंकि वह एक हाई-फ्लायर है और मेरी पसंदीदा चाल डुबकी है। मुझे वास्तव में पसंद है कि रेडर कैसे डिफेंडरों के घेरे से बचते हैं। बॉलीवुड स्टार ने आगे कहा कबड्डी वास्तव में एक शारीरिक खेल है। इसमें बहुत अधिक एथलेटिकिज्म, ताकत और चपलता की आवश्यकता होती है। मैं प्रो कबड्डी लीग में एथलीटों के प्रदर्शन से वास्तव में प्रभावित हूं। प्रो कबड्डी लीग पर उनके विचारों के बारे में पूछे जाने पर, श्रॉफ ने कहा, यह प्रो कबड्डी लीग का दसवां सीजन है और खेल टूर्नामेंटों के इतने सीजन तक बने रहने का यह एक दुर्लभ अवसर है। मैं प्रो कबड्डी लीग के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं। युवाओं को कबड्डी में रुचि लेते देखना वाकई सुखद है।

# अदम्य साहस ने शीतल देवी को दिलाया अर्जुन पुरस्कार

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले की पैरा-तीरंदाज शीतल देवी को मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार मिला। फोकोमेलिया बीमारी के साथ जन्मी शीतल को छोटी उम्र से ही काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। फिर भी उनकी अदम्य भावना ने उन्हें उन गतिविधियों में उत्कृष्टता दिखाई, जो तीरंदाजी में उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण थी।

पेशेवर तीरंदाजी में शीतल का प्रवेश 2019 में किश्तवाड़ में



भारतीय सेना की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के जरिये हुआ था। पूर्व तीरंदाज कुलदीप वेदवान की सलाह पर शीतल ने एक अनूठी तकनीक अपनाकर अपने कौशल को निखारा, जिसमें शूटिंग के लिए अपने पैरों का उपयोग करना शामिल था। इसके बाद शीतल 2023 में चेक गणराज्य में विश्व तीरंदाजी पैरा चौंपियनशिप में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली बिना हाथ वाली महिला तीरंदाज बन गईं। उनकी सफलता एशियाई पैरा गेम्स 2023 में जारी रही, जहां उन्होंने व्यक्तिगत कंपाउंड और मिश्रित टीम स्पधाओं में स्वर्ण और महिला युगल में रजत सहित कई पदक जीते।

## साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने पुणे में तीन प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए

**पुणे।** साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी), जिसकी पहली टीम वर्तमान में बेंगलुरु सुपर डिवीजन में खेलती है, ने शहर की समृद्ध फुटबॉल संस्कृति को बढ़ावा देने और इसे पश्चिमी भारत में खेल का केंद्र बनाने के उद्देश्य से, पुणे में तीन प्रशिक्षण केंद्र शुरू किये हैं। साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी के ये तीन केंद्र पुणे शहर में उंद्री, बावधन और खराड़ी में स्थित हैं, जो शहर से और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों से भी उभरती प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें पोषित करने के लिए फीफा-ग्रेड की अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करते हैं।

# कोकिनाकिस एडिलेड इंटरनेशनल से हुए बाहर

**एजेंसी। एडिलेड**


थानासी कोकिनाकिस पहले दौर में एडिलेड इंटरनेशनल से बाहर हो गए हैं, जब दुसान लाजोविच ने दो घंटे और 10 मिनट में 3-6, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में 2022 पुरुष एकल चैंपियन कोकिनाकिस को मेमोरियल ड्राइव टेनिस क्लब के सेंटर कोर्ट पर सर्बियाई विश्व नंबर 52 दुसान लाजोविच ने 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एडिलेड इंटरनेशनल ने यह जानकारी दी।



शुरूआती सेट में दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सर्विस पर दबदबा था, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा वह गलतियां करता गया और लाजोविच ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया।

## जर्मनी के लिए दिग्गज फुटबॉलर फ्रांज बेकनबाउर का 78 वर्ष की आयु में निधन



**बर्लिन।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉलर फ्रांज बेकनबाउर, जिन्होंने खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में विश्व कप जीता, का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष के थे। बेकनबाउर के निधन की घोषणा सबसे पहले उनके परिवार की ओर से जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए को दिए गए एक बयान के माध्यम से की गई और फिर जर्मन फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की। परिवार ने अपने बयान में कहा बहुत दुख के साथ हमें यह घोषणा करनी पड़ रही है कि मेरे पति, फ्रांज बेकनबाउर का रविवार को निधन हो गया। हम चाहते हैं कि हमें शांति से शोक मनाने की अनुमति दी जाए और किसी भी सवाल से बचा जाए। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। बायर्न म्यूनिख के पूर्व महान खिलाड़ी, जिन्हें प्यार से कैंसर या सम्राट के नाम से जाना जाता है हाल के वर्षों में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे।

# व्यापार

## मुनाफा वसूली के कारण सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार

**आखिरी एक घंटे में गंवाई बढ़त**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार ने आज शानदार शुरूआत करने के बाद आखिरी एक घंटे में हुई जोरदार बिकवाली के कारण अपनी सारी बढ़त गंवा दी। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। पहले एक घंटे के दौरान हुई मामूली उठा पटक के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ ली, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद हुई जबरदस्त मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार दिन के निचले स्तर के करीब पहुंच कर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, मेटल

**मुनाफावसूली के बावजूद निवेशकों को 1.08 लाख करोड़ का मुनाफा**



और एनर्जी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स से 0.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## पतंजलि फूड्स के शेयर में 5.5 प्रतिशत की बढ़त




**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स के शेयर मंगलवार को 5 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52 सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के अनुसार, पतंजलि फूड्स के शेयर 5.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,687 रुपये पर कारोबार कर रहे थे, जो 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर है। पिछले एक साल में इस शेयर ने 43 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में यह 5.3 फीसदी ऊपर है। पिछली तिमाही में यह 34 प्रतिशत ऊपर है। सितंबर तिमाही में कोफोर्ज, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और पतंजलि फूड्स में एफपीआई की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई।

# भ्रामक विज्ञापन पर रोक के लिए दिशा-निदेशों का मसौदा तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोचिंग संस्थानों में उम्मीदवारों की सफलता दर के संबंध में भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में एक दिशा-निर्देश तैयार किया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इसको लेकर गठित समिति की पहली बैठक 08 जनवरी को आयोजित की गई जिसमें समिति ने दिशा-निर्देशों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया गया। इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि सीसीपीए के मुख्य आयुक्त और उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए दिशा-निर्देशों का



मसौदा तैयार किया गया है। इस मसौदे में सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के मकसद से ह्यक्या करें और क्या न करेंह्व को निर्दिष्ट किया गया है। सीसीपीए के मुख्य आयुक्त और उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए तैयार दिशा-निर्देशों के मसौदे को जल्द ही मंजूरी दी जाएगी और इसे जारी किया जाएगा। ये दिशा-निर्देश सभी कोचिंग संस्थानों पर लागू होंगे, चाहे वे ऑनलाइन हों या भौतिक फॉर्म में हों, इसमें किसी प्रारूप या माध्यम की परवाह किए बिना सभी प्रकार के विज्ञापन शामिल होंगे। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापन के लिए जुमार्ना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की थी। इस संबंध में, सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन के लिए 31 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किया है उनमें से 09 पर भ्रामक विज्ञापन के लिए जुमार्ना लगाया है।

## स्व आईजे मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट



**रामगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित ए डिवीजन जिला लीग टूनामेंट का अंतिम मैच मंगलवार को यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा बनाम शारदा क्रिकेट अकादमी पतरातू के बीच खेला गया। 40-40 ओवर के मैच में यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.4 ओवर में 185 बनाया और आउट हो गई। जवाबी पारी खेलते हुए शारदा क्रिकेट अकादमी पतरातू 19.1 ओवर में 105 बनाकर आउट हो गई और 80 रनो से मैच हार गई।

**यंग क्रिकेट क्लब ने शारदा क्रिकेट अकादमी को 80 रनों से किया पराजित, फाइनल में पहुंची**

यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा के बल्लेबाज लक्ष्मण कुमार शानदार बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाये। विकास कुमार ने 40 रन और नागेंद्र कुमार ने 19 रन बनाये। वहीं, शारदा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अभिषेक कुमार 41 रन देकर 4 विकेट और अनुज कुमार ने 45 रन देकर 4 विकेट लिया। शारदा क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज कुमार अक्स ने 23 रन, निखिल कुमार ने 16 रन और राहुल राज ने 19 रन ही बनाया। यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज राहुल कुमार वर्मा 35 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किया जबकि दिब्यम राज ने 29 रन देकर 2 विकेट और सुभोजित ने 17 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। फाइनल मैच रॉयल क्रिकेट क्लब बी बनाम यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा के बीच खेला जायेगा। मैच में अंपायरिंग अमानत अली व अभय कुमार एवं स्कोरिंग में रवि मुंडा ने किया। मौके पर आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, सूरज प्रसाद, महेंद्र राणा, दिनेश कुमार साव उपस्थित थे।

# उबर इंडिया ने 2023 में राइड्स से कमाए 679 करोड़ रुपये


**नई एजेंसी। नई दिल्ली**

राइड-हेलिंग प्रमुख उबर का घाटा भारत में वित्तीय वर्ष 2023 में 57 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 311 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 में 197 करोड़ रुपये था।

एनट्रैकर की रिपोर्ट में उसके समेकित वित्तीय दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा गया है कि उबर इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 में अपने राजस्व में 54.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,600 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की।

प्लेटफॉर्म पर राइड्स का देश में कुल ऑपरेटिंग राजस्व का 25 प्रतिशत हिस्सा था, जो वित्त वर्ष 23 में 75 प्रतिशत बढ़कर 679 करोड़ रुपये हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में पेरेंट कंपनी उबर को दिए जाने




वाले बिजनेस सपोर्ट सर्विस से आय वित्त वर्ष 2023 के दौरान 52.5 प्रतिशत बढ़कर 1,977 करोड़ रुपये हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कंपनी की स्ट्रक्चर वित्त वर्ष 2023 में बदल गया, जहां उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (यूआईएसपीएल) का यूआईआरडीपीएल (उबर इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट) और एक्सएलआई (एक्सचेंज लीजिंग इंडिया) में विलय हो गया।

उबर इंडिया का कर्मचारी लाभ व्यय वित्त वर्ष 2023 में 56.4 प्रतिशत बढ़कर 2,079 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 में 1,329 करोड़ रुपये था (ईएसओपी लागत के रूप में 668 करोड़ रुपये सहित)। वर्ष के दौरान उबर ट्रिप्स ने रिकॉर्ड 6.8 बिलियन किलोमीटर की दूरी तय की, जो भारत में पूरे 6.37 मिलियन किलोमीटर रोड नेटवर्क को एक हजार से ज्यादा बार या प्रतिदिन लगभग तीन बार पार करने के लिए पर्याप्त है।

राइड-हेलिंग कंपनी वर्तमान में अपने यूजर बेस का विस्तार करने के लिए भारत के कई टियर 2 और 3 शहरों में अपने मजबूत फ्लेक्सिबल प्राइसिंग सर्विस की टेस्टिंग कर रही है, जिससे यात्रियों को अपनी राइड के लिए एक विशेष किराया बोली लगाने की अनुमति मिल सके।

## बंधन बैंक के ऋण का सरकारी एजेंसी एनसीजीटीसी करेगी ऑडिट




**मुंबई।** बंधन बैंक ने कहा है कि नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) ने गारंटी योजना के तहत बैंक द्वारा दायर ऋण दावों का ऑडिट करने का निर्णय लिया है हालांकि, बैंक ने स्पष्ट किया कि नियामक ने बैंक का व्यापक ऑडिट शुरू नहीं किया है, बल्कि केवल पोर्टफोलियो से संबंधित सीजीएफएमयू दावा शुरू किया है। ऋणदाता ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि माइक्रो यूनिट्स के क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) से वसूली की पहली किश्त प्राप्त करने के बाद बंधन बैंक ने लगभग 1,290 करोड़ रुपये की दूसरी किश्त के लिए आवेदन किया था।

## कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.46 फीसदी की बढ़त के साथ 76.47 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.26 डॉलर यानी 0.37 फीसदी की उछाल के साथ 71.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## भारत-ओमान के बीच 16 जनवरी से एफटीए पर अगले दौर की बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए अगले दौर की बातचीत 16 जनवरी से होगी। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) नाम दिया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लिए दोनों पक्षों के बीच इससे पहले बातचीत हो चुकी है। इसी माह इस समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।